दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 62 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | शनिवार, 03 जनवरी 2026 | पौष माह, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# राजस्थान के इन 13 जिलों के लिए सर्दी का 'डबल अलर्ट'

## जयपुर में 10 जनवरी तक छुट्टी का ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ।** राजस्थान की राजधआनी जयपुर में कड़ाके की ठंड जारी है, जिसके चलते जिला कलेक्टर ने 2 जनवरी से 10 जनवरी तक आंगनवाड़ी केंद्रों में छुट्टियों की घोषणा की है। मौसम विज्ञान केंद्र के डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा के अनुसार, राजस्थान में रविवार से ठंड और बढ़ने वाली है, और राजस्थान के कुछ हिस्सों में रात का तापमान गिरकर लगभग 4 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य में शीतलहर चलेगी, जिससे कई इलाकों में न्यूनतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। कड़ाके की ठंड के कारण, श्री गंगानगर में आंगनवाड़ी केंद्र 10 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं।

वहीं, ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, हालांकि सिरोही में सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। कई शहरों में दिन और रात का तापमान लगभग एक जैसा था।

**जयपुर में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे**-श्री गंगानगर में इस मौसम का सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जबकि जयपुर, अलवर, बीकानेर और चूरू में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा. जयपुर और सीकर समेत कई जिलों में बादल छाए रहे, जिससे ठंड बढ़ गई. गुरुवार देर शाम उत्तरी जिलों में कोहरा छाने लगा, और नए साल की शुरुआत से ही ठंड और घने कोहरे के मिले-जुले असर से दिक्कतें हो रही हैं।

घने कोहरे के कारण जयपुर, भरतपुर, सीकर और दौसा समेत कई जिलों में विजिबिलिटी घटकर लगभग 50 मीटर रह गई। जैसलमेर और उदयपुर में भी फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित होने की संभावना है और इंडिगो एयरलाइंस ने इन शहरों से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है।

मौसम विभाग ने लोगों को अगले कुछ दिनों तक सावधान रहने की सलाह दी है, क्योंकि शीतलहर और कोहरा बने रहने की उम्मीद है, खासकर राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में।



### राजस्थान में डबल अलर्ट जारी

इस बीच, पिछले 24 घंटों में, पश्चिमी विक्षोभ के असर से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर डिवीजनों के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. सबसे ज़्यादा 26 एमएम बारिश बीकानेर जिले के डूंगरगढ़ में हुई। जयपुर और भरतपुर डिवीजनों के कुछ इलाकों में भी हल्की बारिश हुई. इस सर्दियों की बारिश से किसानों को राहत और खुशी मिली है, क्योंकि कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह खड़ी रबी की फसलों के लिए फायदेमंद है. इस बीच, मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए डबल अलर्ट जारी किया है. भरतपुर, दौसा, डीग, धौलपुर, झुंझुनू, करौली, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, सवाई माधोपुर, सीकर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्री गंगानगर सहित कई जिलों के लिए बहुत घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# नए साल में संकल्प और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें : मोदी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिए एक प्रेरणादायक संदेश साझा करते हुए लोगों से नए साल में दृढ़ संकल्प, उद्देश्य की स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

पीएम मोदी ने कहा, मेरी कामना है कि आने वाले समय में आपको अपने हर प्रयास में सफलता मिले।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मेरी कामना है कि आने वाले समय में आपको अपने हर प्रयास में सफलता मिले। दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति से नए साल में आपके संकल्प की सिद्धि हो। उन्होंने एक संस्कृत सुभाषित भी साझा किया, जिसमें कहा गया है, उत्थातव्यं जागृतव्यं योक्तव्यं भूतिकर्मसु। भविष्यतीत्येव मनः कृत्वा सततमव्यथैः।

पीएम मोदी ने शुक्रवार को भारत केसरी मन्नथु पद्मनाभन की जयंती पर भी उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, मन्नथु पद्मनाभन की जयंती पर हम एक महान व्यक्तित्व को सम्मान के साथ स्मरण करते हैं, जिन्होंने अपना जीवन समाज सेवा को समर्पित कर दिया। वह दूरदर्शी विचारक थे और मानते थे कि सच्ची प्रगति आत्म-सम्मान, समानता और समाज सुधार में निहित है।

स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मन्नथु पद्मनाभन का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक

मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मन्नथु पद्मनाभन का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक है।

# नेताओं के प्रति विश्वास का संकट : राजनाथ

## कहा : मेरा राजनीति में आना एक संयोग, विधायक विश्वराज सिंह ने कटारिया पर तंज कसा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत की राजनीति और नेताओं के प्रति विश्वास का संकट पैदा हुआ है। इस क्राइसिस और विश्वसनीयता के संकट को चुनौती के रूप में स्वीकार करना होगा। राजनाथ सिंह शुक्रवार उदयपुर में विद्या प्रचारिणी सभा और बीएन संस्थान के 104वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे।

राजनाथ सिंह ने दिल्ली धमाके पर कहा कि लाल किले के पास हुए बम धमाके में ऐसे लोगों का नाम सामने आया, जो व्हाइट कॉलर थे। वो डॉक्टर अपनी पर्ची पर आरएक्स लिखते थे, लेकिन उनके पास आरडीएक्स मिला। ज्ञान के साथ संस्कार होना बहुत जरूरी है। रक्षा मंत्री ने कहा- भारत 2030 तक टॉप-3 इकोनॉमी में शामिल हो जाएगा। भारत अब डिफेंस के क्षेत्र में काफी ग्रो कर रहा है। हथियार बनाने के मामले में हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हैं। पहले विदेशों में लोग भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लेते थे, लेकिन आज यह हैसियत बनी है कि जब भारत बोलता है तो सब सुनते हैं।

### राजनीति में आना मेरे लिए हर-हर गंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- मेरे अंदर का शिक्षक आज भी जिंदा है। मेरा राजनीति में आना एक संयोग रहा है। हमारे यहां कहते है कि फिसल पड़े तो हर-हर गंगे। कोई ऐसा व्यक्ति था, जो गंगा जी में स्नान नहीं करना चाहता था, लेकिन किनारे खड़ा था। तब वो फिसलकर कर गिर गया तो उसने भी बोला हर-हर गंगे। यही हालत हमारी हो गई है। राजनीति में आना हमारे लिए कुछ ऐसा ही हुआ है। उदयपुर में सैनिक स्कूल की मांग पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बीएन संस्थान के दोनों स्कूलों के लिए निरीक्षण रिपोर्ट पॉजिटिव है। मैं अब इस मामले को देखूंगा। मेरी तरफ से जितना होगा, पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि लोग कहेंगे कि कर देना चाहिए, लेकिन मैं अपने राजनीतिक जीवन में कभी आश्वासन नहीं देता हूं, क्योंकि नेताओं के शब्दों और डील में अंतर होने के कारण भारत की राजनीति और नेताओं के प्रति विश्वास का संकट पैदा हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब से यूनिवर्सिटी के इस कार्यक्रम में आकर मंच पर बैठे हैं, तब से डिफरेंट और पॉजिटिव वाइब्रेशन महसूस कर रहे हैं। मंच पर




बहुत अच्छा लग रहा है, जबकि देश की 60 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज़ के कार्यक्रमों में जा चुका हूं, ऐसा कहीं भी नहीं लगा। उन्होंने बच्चों से कहा- मनुष्य अपनी कृतियों से विभूषित होता है। स्वाभिमान की भावना अहंकार में नहीं बदल जाए, दोनों के बीच बहुत पतली रेखा है। उन्होंने कहा- नई शिक्षा नीति में शिक्षा के साथ ज्ञान बढ़ाने को केंद्र में रखा गया है। इसमें शिक्षकों को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार 54 प्रतिशत लोग अपने बच्चों को टीचर बनाना चाहते हैं, क्योंकि टीचर्स का सम्मान है। शिक्षक का गुण मत देखो, उनके लिए हमेशा सम्मान का भाव होना चाहिए। जीवन में संस्कार का बहुत महत्व होता है। जो झुकता है, वही उठता है। यही परंपरा है, यही शक्ति है।

# दुर्भाग्य से हमारे पड़ोसी बुरे : जयशंकर

## हमें अपने लोगों को आतंकवाद से बचाने का हक

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई ।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी बुरे भी हो सकते हैं, दुर्भाग्य से हमारे हैं। अगर कोई देश यह तय करता है कि वह जानबूझकर, लगातार और बिना पछतावे के आतंकवाद जारी रखेगा तो हमें अपने लोगों को आतंकवाद से बचाने का अधिकार है।

विदेश मंत्री ने यह बात आईआईटी मद्रास के एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि हम उस अधिकार का इस्तेमाल कैसे करेंगे, यह हम पर निर्भर है। कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए। हम खुद को बचाने के लिए जो कुछ भी करना होगा, वह करेंगे।

### बांग्लादेश पर जयशंकर ने कहा- अच्छे लोग नुकसानदायक नहीं

बांग्लादेश में अशांति पर विदेश मंत्री ने कहा- मैं अभी दो दिन पहले बांग्लादेश में था। मैं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व करने गया था। हमें कई तरह के



पड़ोसी मिले हैं। अगर आपका कोई पड़ोसी आपके लिए अच्छा है या कम से कम आपके लिए नुकसानदायक नहीं है तो इसमें परेशानी नहीं है। जहां भी अच्छे पड़ोसी होने की भावना होती है, भारत निवेश करता है, भारत मदद करता है, भारत शेयर करता है।

### विदेश मंत्री की स्पीच की 3 मुख्य बातें...

- भारत दुनिया की उन पुरानी सभ्यताओं में से है, जो आज एक आधुनिक राष्ट्र के रूप में मौजूद हैं। भारत को अपने इतिहास और विरासत का स्पष्ट एहसास है, जो बहुत कम देशों में देखने को मिलता है। भारत ने जानबूझकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया, जिससे लोकतंत्र एक वैश्विक राजनीतिक विचार बना। भारत की जिम्मेदारी है कि वह अपने विचार, संस्कृति और इतिहास को दुनिया के सामने रखे।
- पश्चिमी देशों के साथ साझेदारी जरूरी है और यह साझेदारी सकारात्मक तरीके से की जा सकती है। 'वसुधैव कुटुंबकम' का अर्थ है कि भारत ने दुनिया को कभी दुश्मन या खतरे के रूप में नहीं देखा। सीमित संसाधनों के बावजूद ज्यादा प्रभाव कैसे डाला जाए, यही भारत की विदेश नीति की सोच है। भारतीय कूटनीति अपनी ताकत, प्रतिस्पर्धा और वैश्विक संस्थानों का उपयोग करके समाधान तलाशती है।
- वैक्सीन डिप्लोमेसी का भावनात्मक असर बहुत गहरा रहा। कई देशों में पहली वैक्सीन खेप मिलने पर लोगों की आंखों में आंसू थे। COVID के दौरान कई विकसित देशों ने जरूरत से ज्यादा वैक्सीन जमा कर ली थी। छोटे और गरीब देशों के लिए भारत की वैक्सीन मदद जीवनरेखा जैसी थी। भारत दुनिया के सबसे कुशल वैक्सीन उत्पादकों में से एक है। वैश्विक सप्लाई चेन भारत के बाहर से आती है, इसलिए दुनिया के साथ सहयोग जरूरी है।

# जय श्री राम नहीं बोलने पर बांग्लादेशी बताकर पीटा

## पीड़ित बोला-40 से 50 लोग टूट पड़े, कह रहे थे काली मंदिर में काट कर चढ़ा देंगे

बढ़ता राजस्थान



**मधुबनी।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा का मामला बिहार भी पहुंच गया है। मधुबनी में एक मुस्लिम युवक को बांग्लादेशी बताकर पीटा गया है। उसे इतना मारा गया है कि उसका चेहरा पूरा सूज गया है। डॉक्टर की माने तो कुछ देर और मारपीट होती तो उसकी जान भी जा सकती है। घटना 30 दिसबंर 2025 की है। इसका वीडियो अब सामने आया है। पीड़ित के बयान के आधार पर राजनगर थाने में पुलिस ने स्न्ड्ढक्रदर्ज कर ली है। एसपी योगेंद्र कुमार का कहना है कि पीटने वालों की पहचान भी कर ली गई है। वायरल वीडियो में कुछ लोग एक व्यक्ति को बांग्लादेशी कहकर पीटते हुए दिख रहे हैं। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने घटनास्थल का सत्यापन किया और त्वरित कार्रवाई शुरू की। जांच में पता चला कि यह घटना 30 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 1 बजे राजनगर थाना क्षेत्र के चकदह गांव में हुई थी। पीड़ित व्यक्ति बांग्लादेश का नहीं, बल्कि सुपौल जिले का रहने वाला है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-पत्नी से खर्चे का हिसाब मांगना क्रूरता नहीं : इसके लिए केस नहीं कर सकते; व्यक्ति पर दर्ज एफआईआर रद्द



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि अगर पति घर के पैसों के फैसले खुद करता है या पत्नी से खर्च का हिसाब पूछता है तो इसे क्रूरता नहीं कहा जा सकता। खासकर जब तक इससे पत्नी को कोई गंभीर मानसिक या शारीरिक नुकसान साबित नहीं हो।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने गुरुवार को यह टिप्पणी दहेज उत्पीड़न और क्रूरता के एक मामले को रद्द करते हुए की। इस केस में पत्नी ने पति पर आरोप लगाया था कि वह घर के खर्चों का एक-एक पैसे का हिसाब एक्सेल शीट में रखने को मजबूर करता था। बेंच ने कहा कि यह स्थिति भारतीय समाज की एक हकीकत को दर्शाती है, जहां कई घरों में पुरुष आर्थिक जिम्मेदारी अपने हाथ में रखते हैं, लेकिन इसे अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

**पूरा मामला समझिए-** तेलंगाना में एक पति-पत्नी के बीच लंबे समय से अनबन चल रही थी। पत्नी ने पति और उसके परिवार पर क्रूरता और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मार्च 2023 में एफआईआर दर्ज करा दी।

महिला का कहना था कि पति घर के पैसों पर पूरा नियंत्रण रखता था, उससे खर्चों का हिसाब मांगता था और आर्थिक फैसलों में उसे बोलने का मौका नहीं देता था। इसी आधार पर उसने आपराधिक केस कर दिया।

# मेक्सिको में 6.5 तीव्रता का भूकंप : राष्ट्रपति शिनबाम प्रेस कॉन्फ्रेंस छोड़कर निकलीं; किसी के हताहत होने की खबर नहीं

बढ़ता राजस्थान


**मेक्सिको (एजेंसी)** अमेरिकी देश मेक्सिको में शुक्रवार शाम (भारतीय समयानुसार) 6.5 तीव्रता का भूकंप आया। राजधानी मेक्सिको सिटी और दक्षिण-पश्चिमी गुएरेरो राज्य के कुछ हिस्सों में इसके झटके महसूस हुए। राष्ट्रीय भूकंप सर्विस ने इसकी पुष्टि की। भूकंप की चेतावनी के चलते राष्ट्रपति क्लॉडिया शीनबॉम और उनके साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद पत्रकारों को राष्ट्रपति महल से बाहर निकलना पड़ा, लेकिन कुछ देर बाद वे सुरक्षित महल में लौट आए। राष्ट्रपति ने बताया कि भूकंप का केंद्र सान मार्कोस में था, जो मेक्सिको सिटी से करीब 230 किलोमीटर दूरी पर है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, मेक्सिको सिटी और गुएरेरो में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### मेक्सिको के 3 बड़े भूकंप

1985- 8.0 तीव्रता के भूकंप से राजधानी मेक्सिको सिटी में भारी तबाही हुई थी। करीब 10 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई और हजारों इमारतें ढह गई थीं।

2017- 7.1 तीव्रता के भूकंप का असर मेक्सिको सिटी समेत कई राज्यों में हुआ। इसमें 370 से ज्यादा लोगों की जान गई और बड़ी संख्या में इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं।

2020- दक्षिणी राज्य ओआक्साका में 7.4 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हुई और तटीय इलाकों में नुकसान हुआ।



# बैठक में जिला कलेक्टर ने की डिजिटल ई-बारी एवं ई-आबियाना एप कार्य प्रगति की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** डिजिटल ई-बारी एवं ई-आबियाना की प्रगति की समीक्षा हेतु शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दोनों योजनाओं के अंतर्गत अब तक की गई प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार डिजिटल ई-बारी एवं ई-आबियाना योजनाएं किसानों के हित में लागू की गई महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनसे सिंचाई व्यवस्था एवं उपकर प्रबंधन को पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनाया जा रहा है।



उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने और ई-बारी एप में डाटा एंट्री कार्य तथा ई-आबियाना एप को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री परमजीत सिंह ने बताया कि डिजिटल ई-बारी एक स्मार्ट ऑनलाइन प्रणाली है, जिसे एनआईसी श्रीगंगानगर द्वारा विकसित किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से नहर आधारित सिंचाई व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाया गया है। पूर्व में जहां जल उपयोगकर्ता संघों द्वारा सिंचाई पर्चियां हस्तलिखित रूप में तैयार की जाती थीं, वहीं अब एक क्लिक में सिंचाई समय-सारिणी तैयार की जा रही है। किसान अपने मोबाइल अथवा ऑनलाइन माध्यम से कभी भी अपनी पानी की बारी की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डिजिटल ई-बारी से जिले के 180 जल उपयोगकर्ता संघों, लगभग 2,97,500 किसानों एवं 1,223 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। यह नवाचार जल संरक्षण, सतत कृषि, सुशासन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। इससे समय एवं श्रम की बचत के साथ-साथ पक्षपात की संभावनाएं समाप्त होंगी और किसानों का विश्वास सुदृढ़ होगा।

### ई-आबियाना: सिंचाई उपकर प्रबंधन में डिजिटल नवाचार

श्रीगंगानगर जिले में सिंचाई उपकर (आबियाना) के निर्धारण एवं संग्रह की प्रक्रिया को सरलए पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई-आबियाना डिजिटल पहल विकसित की जा रही है। यह प्रणाली किसानों के फसल विवरण, भूमि अभिलेख एवं सिंचाई क्षेत्र की जानकारी को एकीकृत कर उपकर की सटीक गणना सुनिश्चित करेगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन श्री सुभाष कुमार, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री धीरज चावला, सहायक प्रोग्रामर श्री सुनील कुमार, श्री सतनाम सिंह, श्री संदीप कुमार, श्री जगदीप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है युवा एवं जन कल्याण

### प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों में किया जनसंपर्क विभाग के साहित्य का वितरण



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी देने और जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित साहित्य को युवाओं तक पहुंचाया जा रहा है। शुक्रवार को राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय श्रीगंगानगर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों में साहित्य का वितरण किया गया।

जिला पुस्तकालय में विभाग द्वारा प्रकाशित विभिन्न प्रकार के साहित्य युवाओं को दिए गए। जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक श्री अनिल कुमार शाक्य ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विभिन्न वर्गों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। युवा एवं जनकल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

उन्होंने बताया कि अब तक 92 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। डेढ़ लाख से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया प्रगतिरत है। इससे पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष श्री रामनारायण शर्मा ने पुस्तकालय की गतिविधियों के बारे में बताया और जनसंपर्क विभाग के साहित्य की प्रतियोगी परीक्षाओं दी दृष्टि से उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर श्री मनप्रीत सिंह, सुश्री प्रीति अरोड़ा, श्री गुरमंदर सिंह, श्री राजेश सोलंकी सहित अन्य मौजूद रहे।

## रोड तेरे बाप की है, लंगूर कहीं का, कल मिलना तुझे बताती हूं...

### कांस्टेबल को अपने पीछे हॉर्न बजाना नागवार गुजरा सड़क पर कार रोक मिठाई खरीद रही कांस्टेबल का रौब

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** बीच सड़क पर अपनी कार रोक मिठाई का मोलभाव कर रही पुलिस कांस्टेबल को अपने पीछे खड़े वाहनों का हॉर्न बजाना नागवार गुजर गया। पीछे खड़ी मजदूरों से भरी बस के चालक को उसने पुलिसिया अंदाज में धमका ही दिया। बोलीं रोड तेरे बाप की है क्या, कल मिलना कंपनी के गेट पर तुझे बताती हूं। कहा, इस रोड पर नो पार्किंग है और चालक को उसने 'लंगूर कहीं का' तक बोल दिया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर बस चालक ने वीडियो बना लिया। उसने कांस्टेबल से कहा भी कि मैडम मैं वीडियो बना रहा हूं तो जवाब मिला तेरी (अश्लील शब्द) में दम हो वहां भेज देना। सोशल मीडिया पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। उधर, इस सम्बंध में पिण्डवाड़ा थानाधिकारी महेंद्रकुमार को फोन मिलाया गया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।

#### बगैर वर्दी में रौब दिखा रहीं पुलिसकर्मी

इस वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि यह पुलिसकर्मी वर्दी में भी नहीं है। अपनी कार बीच रोड पर खड़ी कर रखी है। इसके बाद दुकानदार से कार में बैठकर ही मोलभाव किया जा रहा है। एक युवक मिठाई से भरी थैली लेकर आवाजाही कर रहा है। पीछे बज रहे हॉर्न से नाराज होकर वह कार से उतरीं तथा बस चालक को धमकाने गईं।

#### इशारे से बता रहा यह पुलिसकर्मी है

इस कांस्टेबल का रौब कितना है यह इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि बस चालक को धमकाते समय कांस्टेबल के पीछे खड़ा एक युवक बस चालक को उससे नहीं उलझने की सलाह देते हुए हाथ के इशारे से बता रहा है कि यह पुलिसकर्मी है। कांस्टेबल ने बस चालक से कहा कि रोड तेरे बाप की है तो बस चालक ने भी प्रत्युत्तर दिया, तो क्या आपके बाप की है। इस पर कांस्टेबल ने कहा हां, मेरे बाप की है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की भेंट



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** भारत के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के मध्य राजमहल उदयपुर में शिष्टाचार भेंट हुई। उदयपुर यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के राजमहल उदयपुर पहुँचने पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस मुलाकात पर दोनों के मध्य देश के विभिन्न विषयों और वर्तमान वैश्विक राजनीति पर लगभग आधा घंटा चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने इस विशेष यात्रा के दौरान मेवाड़ से देश को मिले योगदान और महाराणा कुम्भा, महाराणा सांगा और महाराणा प्रताप के आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने परिवार श्रीमती निवृत्ति कुमारी मेवाड़, मोहलक्षिका कुमारी मेवाड़, प्राणेश्वरी कुमारी मेवाड़ और हरितराज सिंह मेवाड़ के साथ माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सम्मान पूर्वक आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

## अरिहन्त मित्र मण्डल की ओर से नव वर्ष पर हास्य कवि सम्मेलन अरिहन्त काव्य निशा आज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अरिहन्त मित्र मण्डल उदयपुर की ओर से आगामी 3 जनवरी को नव वर्ष स्वागतम-2026 के स्वागत में भारतीय लोक कला मण्डल में अरिहंत काव्य निशा हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। मण्डल अध्यक्ष हेमन्त सिंयाल ने बताया कि नव वर्ष पर हर आमजन को खुशियां देने एवं नवर्ष उनके लिये उज्वल हो, इस उद्देश्य से 3 जनवरी शनिवार को हास्य कवि सम्मेलन का अयोजन होगा। जिसमें हास्य कवि अरूण जेमिनी, वीर रस के कवि विनीत चैहान, श्रृगार रस की कवियित्री पद्मिनी शर्मा, हास्य कवि दिनेश देसी घी,हेमन्त पाण्डे, हास्य कवि कानू पण्डित, राधिका मित्तल एवं सूत्रधार शहर के राष्ट्रीय कवि राव अजात शत्रु होंगें।

## ओसवाल सभा चुनाव प्रक्रिया एवं मतदाता सूची में धांधली की हुई भर्त्सना, समाजजनों ने कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन

### महिलाओं को आगे कर चुनाव लड़ना सस्ती लोकप्रियता का हथकंडा, ओसवाल सभा मतदाता सूची की भी हो एसआईआर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** ओसवाल सभा के चुनावों की दोषपूर्ण चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची में धांधलीयों को सुधारने के लिए शुक्रवार दूसरे दिन भी ओसवाल सभा कार्यालय पर धरना दिया। ओसवाल सभा चुनाव प्रक्रिया एवं मतदाता सूची में धांधली की भर्त्सना की। समाजजनों ने कलेक्टर के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ओसवाल सभा चुनावों में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय भण्डारी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया घोषित होने के बाद से ही निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ने चुनावों को मजाक बना रखा हैं, वो कभी 3-3 अलग अलग मतदाता सूची जारी करवा रहें हैं तो कभी चुनाव संयोजक अपनी सुविधा से बदल रहे हैं, तो कभी चुनाव अधिकारी बदलने की बात कर रहे। यदि



उनके हिसाब से सब कुछ सही था एवं स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हो रहे थे तो फिर चुनाव तिथि बढ़ाने की क्या आवश्यकता थी, इसका अर्थ अपनाई गई चुनाव प्रक्रिया में ही खोट थी। धरने में उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने ओसवाल सभा चुनाव प्रक्रिया एवं मतदाता सूची में धांधली की कड़े शब्दों में भर्त्सना की। ओसवाल सभा के वरिष्ठ सदस्य निर्मल पोखरना ने बताया कि प्रकाश कोठारी द्वारा चुनाव जीतने के लिए महिलाओं को आगे किया जा रहा हैं जो कि सिर्फ सस्ती लोकप्रियता का हथकंडा हैं, जिससे कि समाज में ओसवाल सभा की छवि धूमिल ही हुई हैं। सीए सुधीर मेहता ने बताया कि ओसवाल सभा की मतदाता सूची की भी चुनावों से पूर्व एसआईआर करायी जानी चाहिए ताकि मतदाता सूची की विसंगतियां जैसे नाबालिग को मतदाता बताना, जीवित को मृत और मृतक को जीवित बताना, किसी सदस्य का 3-4 जगह नाम होना, उदयपुर नगरीय सीमा के बाहर रहने वाले सदस्यों को सदस्यता देना इत्यादि विसंगतियों को दूर करने के बाद ही संविधान सम्मत चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराए जाएं। उपरोक्त सभी विसंगतियों को दूर करके चुनाव करवाने और शांति पूर्वक चुनाव करवाने के लिए समाजजनों ने जिला कलेक्टर महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय एवं रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में अजय धींग, अशोक दशरड़ा, प्रशांत भण्डारी, रवि देरासरिया, अंकित मेहता, कुलदीप मेहता, हेमन्त मेहता, महावीर कोठारी, ललित भण्डारी, रमेश कोठारी, सौरभ मेहता, विनय पीतलिया, अंकुर मुर्डिया,अनिल मेहता, महेश बया, चिराग मेहता, रमेश मारू इत्यादि बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## डूंगरपुर दिशा बैठक में बीएपी का अमर्यादित आचरण, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत बने संविधान, विकास और सरकार की सशक्त आवाज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** गत 29 दिसंबर को डूंगरपुर में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिले की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। बैठक के दौरान भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के सांसद राजकुमार रोत एवं एक विधायक द्वारा इस समिति के सह अध्यक्ष सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के साथ किए गए अमर्यादित व्यवहार को लेकर आदिवासी अंचल सहित पूरे जिले में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इस घटनाक्रम के बाद भारतीय जनता पार्टी की स्थिति जिले में और अधिक मजबूत हुई है। आमजन में यह भावना स्पष्ट रूप से उभरी कि जिले में 'कोई तो बोलने वाला मिला', जिसने संविधान, विकास और सरकार के पक्ष में निर्भीक होकर आवाज उठाई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दोवड़ा प्रकरण को लेकर जो असंतोष विशेष रूप से सामान्य और ओबीसी वर्ग में व्याप्त था, कुछ हद तक भील भी नाराज थे, इस घटनाक्रम के बाद उसमें काफी हद तक संतुलन आया है। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत द्वारा बैठक में सरकार और संविधान का पक्ष मजबूती से रखने से सभी वर्गों में यह संदेश गया कि भाजपा उनके हितों और सम्मान के प्रति संवेदनशील है। दिशा बैठक में एजेंडे से हटकर विषय उठाए जाने पर प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर, जोकि इस कमेटी का सचिव है, को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## जनवरी को केशव सागर धर्मशाला में जनसंवाद

### पूर्व विधायक सुभाष चंद शर्मा की अध्यक्षता में होगी आमसभा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कोटपुतली के पूर्व विधायक सुभाष चंद शर्मा की अध्यक्षता में नववर्ष 2026 के अवसर पर पावटा कस्बे के सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला में आगामी 04 जनवरी 2026, रविवार को प्रातः 11 बजे एक महत्वपूर्ण आमसभा का आयोजन किया जाएगा। यह आमसभा जनसंवाद, जनसरोकार और जनजागरूकता का सशक्त मंच बनेगी, जहां आमजन, कार्यकर्ता और सामाजिक प्रतिनिधि खुलकर अपनी बात रख सकेंगे। आमसभा का उद्देश्य क्षेत्र की जमीनी समस्याओं पर सीधे संवाद स्थापित करना, आमजन की शिकायतों को सुनना तथा उनके समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करना है। बैठक में लंबित जनहित कार्यों, आमजन के साथ हो रहे अन्याय, प्रशासनिक उपेक्षा और क्षेत्र में फैल रहे भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर गंभीर मंथन किया जाएगा। साथ ही जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सीधे मंच पर रखा जाएगा, ताकि उन्हें मजबूती के



साथ आगे बढ़ाया जा सके। स्थानीय नागरिकों के अनुसार केशव सागर धर्मशाला हमेशा से सामाजिक व जनहितकारी आयोजनों का प्रमुख केंद्र रही है। इस प्रकार की आमसभाएं जनता को अपनी आवाज बुलंद करने और जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करती हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, युवाओं, वरिष्ठजनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनसंवाद कार्यक्रम में सहभागिता निभाएं। इस आमसभा से पावटा क्षेत्र में सामाजिक एकजुटता, जनजागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पावटा की गौशाला से तिरपाल व लोहे के पाइप चोरी

### प्रागपुरा थाने में शिकायत, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** नगरपालिका क्षेत्र पावटा में श्री गोपाल भैया मंदिर के पीछे डैम्पिंग यार्ड क्षेत्र में संचालित निराश्रित गौवंशों की गौशाला एक बार फिर चोरी की वारदात का शिकार हो गई। गुरुवार देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने गौशाला परिसर से पशुओं की छाया व पानी की व्यवस्था के लिए लगाए गए तिरपाल तथा लोहे के पाइप सहित अन्य लोहे का सामान चोरी कर लिया।



घटना से गौशाला को आर्थिक नुकसान हुआ है, वहीं गायों की मूलभूत सुविधाएं भी प्रभावित हुई हैं। इस संबंध में गौशाला संयोजक एवं गौसेवक नितेश कुमार शर्मा पुत्र विष्णु कुमार शर्मा, निवासी पावटा ने प्रागपुरा थाने में लिखित शिकायत देकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि गौशाला पूर्ण रूप से सेवा भाव से संचालित की जा रही है, जहां बीमार व घायल गौवंशों का उपचार, देखभाल और संरक्षण किया जाता है।

01 जनवरी 2026 की रात करीब 1 बजे के आसपास अज्ञात चोरों ने गौशाला से तिरपाल हटाकर लोहे के पाइप उखाड़ लिए। श्रीराम गौ सेवा समिति के प्रहलाद सैन ने बताया कि इससे पहले भी गौशाला में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। बार-बार हो रही वारदातों से यह आशंका गहराती जा रही है कि इसके पीछे किसी संगठित गिरोह का हाथ हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से गौशाला की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में जांच-पड़ताल करते हुए लोहा विक्रेताओं और कबाड़ियों की दुकानों पर भी पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

## अतिरिक्त प्रधानाचार्य को सौंपा प्रिंसीपल का कार्यभार

### अब सुचारू रूप से चल सकेगा मेडिकल कॉलेज

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज का संचालन अब सुचारू रूप से हो सकेगा। इसके लिए राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी (राजमेस) ने अतिरिक्त प्रधानाचार्य को ही प्रिंसीपल का कार्यभार सौंपा है। रिक्त चल रहे प्रिंसीपल पद के कारण छात्रों को भारी समस्या हो रही थी। राजमेस निदेशक नरेश गोयल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ.मलकेश मीणा को अग्रिम आदेश तक राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। गत दिनों प्रिंसीपल डॉ. श्रवणकुमार मीणा के रिश्वत मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार हो जाने के बाद से ही यह पद रिक्त चल रहा था। ऐसे में कॉलेज के अभ्यर्थियों एवं शैक्षणिक कार्यों के संचालन में समस्या आ रही थी। उधर, प्रिंसीपल नियुक्ति के सम्बंध में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने भी राजमेस निदेशक से बात की थी।

#### छात्र उठा रहे थे समस्या

प्रिंसीपल नहीं होने से राजकीय मेडिकल कॉलेज में कैंटीन संचालन बंद हो गया था। इससे छात्रों को बाहर से पार्सल मंगवाने पड़ रहे थे। साथ ही अन्य कई समस्याओं का भी समाधान नहीं हो पा रहा था। वहीं, इंटर्न कर रहे छात्रों को सर्टिफिकेट एवं स्टाइपेंड भुगतान आदि भी अटके रहे।

## नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान

### गुरुकुल कोचिंग संस्थान में जागरूकता कार्यशाला आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत गुरुकुल कोचिंग संस्थान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी ने बताया कि नशा किसी का दोस्त नहीं होता, यह सपनों का सबसे बड़ा दुश्मन है। आज का युवा अगर एक बार मजबूती से 'ना' कह दे, तो नशे की पूरी व्यवस्था हिल सकती है। याद रखिए नशा करना भी एक चुनाव है और उससे दूर रहना भी। फर्क सिर्फ इतना है कि एक चुनाव जिंदगी छीन लेता है, दूसरा जिंदगी बना देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार नशा पढ़ाई, परिवार, करियर और आत्मसम्मान को धीरे-धीरे निगल जाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने मित्रों को भी इस अंधेरे से बाहर निकालने का साहस दिखाएं। कार्यक्रम में परविन्द्र मित्तल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज की नींव युवाओं के सही निर्णयों पर टिकी है। संचालक विकास छींपा ने कहा कि प्रशासन और पुलिस कानून से ही नहीं, बल्कि युवाओं के संकल्प से ही इस लड़ाई को जीत सकते हैं। इसलिए आपको एक युवा लीडर बनकर इनका साथ देना चाहिए। कार्यशाला के अंत में सभी विद्यार्थियों ने हाथ उठाकर सामूहिक शपथ ली कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे, नशे के खिलाफ आवाज उठाएंगे और अपने परिवार व समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पुलिस कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने साइबर सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के लिए युवाओं को जागरूक किया।

# कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर भजन लाल सरकार का बुलडोजर एक्शन

## चार बुलडोजरों की सहायता से पठानों का मोहल्ला, इमाम चौक व नल से अवैध अतिक्रमण को किया ध्वस्त

- तीन अवैध कॉम्प्लेक्सों को किया गया सीज
- मलबे में पिस्टलनुमा हथियार मिलने से मचा हड़कंप



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** नगर के बस स्टैंड स्थित मस्जिद के बाहर 25 दिसंबर की रात रेलिंग लगाने के मामले को लेकर उपजे विवाद के बाद शुक्रवार को नगर परिषद द्वारा भारी पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में उपद्रवियों के अतिक्रमण पर चार बुलडोजरों से कार्रवाई की गई। कार्रवाई शुक्रवार सुबह 7.00 बजे शुरू हुई जो करीब 2.00 बजे तक निरंतर जारी रही। इस दौरान चौमूं बस स्टैंड से लेकर इमाम चौक तक ऑपरेशन क्लीन स्विप के अंतर्गत मार्ग की दुकानों एवं मकानों के बाहर बनाई गई सीढियां व टीन शेड को बुलडोजरों से ध्वस्त किया गया। पठानों के मोहल्ले में भी अवैध सीढियों को ध्वस्त किया गया। पी वाले कूंए के पास बंद पड़े रास्ते को भी जेसीबी की मदद से खुलवाया गया। नगर परिषद अधिकारी संदीप कवियां ने बताया कि तीन अवैध कॉम्प्लेक्सों को सीज किया गया और यातायात में बाधक बने अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। इन सबको तीन दिन की डेडलाइन दी गई थी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कई घरों के बाहर ताले भी लटके नजर आए।



### पी वाले कूंए के पास हुआ विरोध, मिली एयर गन

अतिक्रमण हटाने के दौरान पी वाले कूंए के पास कुछ महिलाओं द्वारा कार्यवाही का हल्का विरोध भी किया गया। लेकिन थानाधिकारी प्रदीप शर्मा की तत्परता से मामला शांत कर दिया गया । पी वाले कुंए के पास पत्थर रखकर बंद किए गए रास्ते को भी जेसीबी की मदद से खुलवाया गया। जेसीबी से मलबा हटाने के दौरान यहां से एक पिस्टलनूमा हथियार व फरसा भी मिला जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है । आशंका जताई जा रही है कि 25 दिसंबर की रात्रि में हुए उपद्रव के दौरान इन हथियारों का इस्तेमाल किया गया हो। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है । फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और फोरेंसिक जांच की संभावना से भी इनकार नहीं किया गया है। थानाधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि एयर गन टूटी-फूटी अवस्था में प्राप्त हुई है।

### भारी पुलिस जाप्ते के साथ ये अधिकारी रहे मौजूद

पत्थरबाजों के अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पूर्व प्रशासन द्वारा बस स्टैंड, इमाम चौक, लक्ष्मीनाथ चौक सहित कई इलाकों में किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए बड़ी संख्या में कई थानों के थानाधिकारी सहित पुलिस व एसटीएफ जवान तैनात किए गए थे। बस स्टैंड पर फायर ब्रिगेड व दंगा विरोधी वाहन भी तैनात किए गए थे । वही डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा, एडीसीपी राजेश गुप्ता, एसीपी उषा यादव, हरमाड़ा थानाधिकारी उदयभान सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि 25 दिसंबर की रात चौमूं बस स्टैंड स्थित मस्जिद के बाहर लोहे की रेलिंग लगाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था, जो बाद में तनाव और पुलिस पर पथराव में बदल गया। इस घटना के बाद से चौमूं पुलिस द्वारा पथराव करने के मामले में 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## सीएम भजनलाल की चेयरमैनशिप में 'दिशा' के सदस्य बने डॉ. मोहित टांटिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/नई दिल्ली ।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की चेयरमैनशिप में गठित राज्यस्तरीय दिशा समिति में श्रीगंगानगर के डॉ. मोहित टांटिया को सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आदेश जारी करते हुए राज्य और जिला स्तर पर होने वाली दिशा की बैठकों में डॉ. मोहित टांटिया को आमंत्रित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। टांटिया समूह के महाप्रबंधक डॉ. विकास सचदेवा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए देशभर में अनेक कल्याणकारी योजनाओं पर काम हो रहा है। इन योजनाओं की सफल क्रियान्विति की निगरानी के लिए हर प्रदेश में दिशा समितियों का गठन राज्य और जिला स्तर पर किया गया है। राजस्थान की राज्यस्तरीय विकास समन्वय और निगरानी समिति-दिशा का चेयरमैन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को नियुक्त करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री सह अध्यक्ष, ग्रामीण विकास सचिव सदस्य सचिव, सांसद राजकुमार रोत, दुष्यंत सिंह, अमराराम, राहुल कस्वां, हनुमान बेनीवाल, घनश्याम तिवाड़ी, प्रमोद तिवारी के साथ विधायक सुभाष मील, हमीर सिंह भायल, शंकरलाल डेचा, गुरवीर सिंह, श्रवण कुमार, भीमराज भाटी को सदस्य बनाया गया है। इसी क्रम में डॉ. मोहित टांटिया को गैर-सरकारी सदस्य के रूप में समिति में शामिल किया गया है। यह समिति 29 विभागों की 89 योजनाओं की समीक्षा करेगी।



## प्रताप नर्सरी मैदान में क्रिकेट की धूम, भारत की कप्तानी में जूनियर टीम ने मारी बाज़ी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रोहित क्रिकेट क्लब कठपुतली नगर जयपुर की ओर से नए साल के अवसर पर यहां लाल कोठी स्थित प्रताप नर्सरी क्रिकेट मैदान में 20-20 ओवर का फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। मैच में भारत की कप्तानी में जूनियर टीम विजयी रही। वहीं राधे नरवाल की सीनियर टीम उपविजेता रही। नरेश खटीक ने ऑल राउंड प्रदर्शन (67 नाबाद 2 विकेट) के बदौलत मैन ऑफ द मैच रहे। विजेता टीम को नेशनल स्पोर्ट्स संघ के राजस्थान प्रभारी डॉ. ओपी टांक और उपविजेता को पार्षद प्रत्याशी हेमराज खींची ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं डॉ. टांक तथा अन्य अतिथियों ने खेल को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए दोनों टीमों के खिलाड़ियों को साधुवाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## यूईम जयपुर मानवीय मूल्यों के समावेश पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की वर्कशॉप की करेगा मेज़बानी

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर के लिए यह गर्व की बात हैं कि वह राजस्थान सरकार के राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित 'मानवीय मूल्यों के समावेश' पर राज्य-स्तरीय वर्कशॉप की मेज़बानी कर रहा हैं, जो 04-06 जनवरी 2026 से पीएम श्री स्कूलों के ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के लिए आयोजित हो रही हैं। यह वर्कशॉप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन के अनुरूप है, जो स्कूली शिक्षा में सहानुभूति, ईमानदारी और सामाजिक ज़िम्मेदारी जैसे मानवीय मूल्यों को शामिल करने पर ज़ोर देती है।

## राज्यपाल ने राष्ट्रीय महिला कला शिविर का शुभारंभ किया

# पारंपरिक कलाओं को कलाकारों ने सदा जीवित रखा है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में दृश्यकला विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय महिला लोक कला शिविर का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने इस दौरान देश के विभिन्न प्रांतों से आई कलाकारों से संवाद भी किया।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारी हस्तकलाओं, चित्रकला आदि से जुड़े कुटीर और घरेलू उद्योग बंद किए। उन्होंने महात्मा गांधी का संदर्भ देते हुए कहा कि घरेलू उद्योग बंद कर लोगों को भूखे रहने पर इसलिए मजबूर किया गया कि देश की संस्कृति को जड़ से समाप्त कर दिया जाए और लोग सदा गुलाम बने रहे। राज्यपाल ने कहा कि अंग्रेजों को यह बात मालूम नहीं थी कि कपास से कपड़ा बनता है। भारत में आकर उन्होंने यह जाना। उन्होंने अजंता की चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए कहा कि सातवीं सदी में हमारे यहां जहाज के चित्र मिले हैं। हमारे यहां ऐसी कलाकृतियां बनती थी जिनके रंग कभी फीके नहीं पड़ते थे। उन्होंने कहा कि भारतीय कलाओं से प्रेरणा लेकर ही पश्चिम के देशों ने बहुत से आविष्कार किए, हमारी कला और कारीगरी को लूट ले गए पर हमारे पारंपरिक कलाकारों ने कलाओं को सदा जीवित रखा है। इसलिए पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि लोक कलाएं और शिल्प स्थान विशेष की संस्कृति और जीवन को प्रतिबिंबित करते हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान कलाओं का गढ़ रहा है। उन्होंने महिला चित्रकला और शिल्प शिविर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे कला शिविर पारंपरिक कलाओं के संरक्षण के साथ इनसे जुड़ी आधुनिक कला दृष्टि से विद्यार्थियों को जोड़ते हैं। राज्यपाल श्री बागडे ने आरम्भ में राष्ट्रीय महिला कला शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कला शिविर के अंतर्गत लगाए गए लोक कला स्टॉल का भी अवलोकन किया।




### कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा टोंक

मुख्य डाकघर के पास, सवाई माधोपुर रोड़, टोंक

क्रमांक :- ADPC/SMSA/Civil/NIT/2025-26/870 दिनांक :- 30/12/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 27 (टोंक)/2025-26**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से ब्लॉक निवाई के 122 राजकीय विद्यालयों मे मानसून वर्ष 2025 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त विद्यालयों की तात्कालीक अस्थाई मरम्मत एवं पुर्नस्थापना हेतु एस.डी.आर.एफ. योजनान्तर्गत ग्रुपवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

अन्य नियम एवं शर्तें वेबसाइट **http://sppp.raj.nic.in** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर जमा करवानी होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| NIT-27 | NIB Code- | RSE2526A1500 | |
| | UBN- | RSE2526WSOB06167 | |

राज.संवाद/सी/25/17003 अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, टोंक



### कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा टोंक

मुख्य डाकघर के पास, सवाई माधोपुर रोड़, टोंक

क्रमांक :- ADPC/SMSA/Civil/NIT/2025-26/879 दिनांक :- 01/01/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या - 29 एवं 30 (टोंक)/2025-26**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से ब्लॉक टोंक के 125 तथा ब्लॉक पीपलू के 134 कुल 259 राजकीय विद्यालयों मे मानसून वर्ष 2025 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त विद्यालयों की तात्कालीक अस्थाई मरम्मत एवं पुर्नस्थापना हेतु एस.डी.आर.एफ. योजनान्तर्गत ग्रुपवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

अन्य नियम एवं शर्तें वेबसाइट **http://sppp.raj.nic.in** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर जमा करवानी होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| NIT-29 | NIB Code- | RSE2526A1518 | TONK |
| | UBN- | RSE2526WSOB06247 | |
| NIT-30 | NIB Code- | RSE2526A1519 | PEEPLU |
| | UBN- | RSE2526WSOB06248 | |

राज.संवाद/सी/25/17006 अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, टोंक


# प्रदेश में कानून का राज, उपद्रवियों के लिए कोई जगह नहीं: रामलाल शर्मा

## चौमूँ में 'बुलडोजर' कार्रवाई पर पूर्व विधायक शर्मा ने कहा- यह असामाजिक तत्वों के लिए नजीर है

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** शहर में 25 दिसंबर को हुई पत्थरबाजी और हिंसा की घटना के बाद प्रशासन द्वारा की गई सख्त कार्रवाई पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्णय की सराहना की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार पत्थरबाजों और उपद्रवियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। नगर परिषद और पुलिस प्रशासन द्वारा इमाम चौक और पठानों के मोहल्ले में चिन्हित किए गए अवैध अतिक्रमणों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान मौके से एयरगन और धारदार हथियार भी बरामद हुए हैं, जो उपद्रवियों की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि चौमूँ की कार्रवाई उन लोगों के लिए एक कड़ा संदेश है जिनका कानून में विश्वास नहीं है। प्रदेश में अब पत्थरबाजों और शांति भंग करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। पूर्व विधायक ने बताया कि उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर त्वरित अमल हुआ है। उन्होंने उदयपुरिया मोड़ पर मंदिर शिफ्ट करने के स्थानीय लोगों के फैसले को सराहनीय बताया और मुस्लिम समुदाय से भी अपील की कि वे बस स्टैंड क्षेत्र से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं ताकि शहर को जाम से मुक्ति मिले और भाईचारा बना रहे। रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के साथ-साथ सुरक्षित राजस्थान के संकल्प पर अडिग है। अवैध निर्माणों पर चला यह बुलडोजर पूरे प्रदेश के असामाजिक तत्वों के लिए एक नजीर साबित होगा।




### कार्यालय ग्राम पंचायत चतरपुरा पंचायत समिति बानसूर (कोटपूतली-बहरोड)

क्रमांक : / ग्रा.पं./2025/ दिनांक :-

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चतरपुरा द्वारा कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मो/संवेदको से आमंत्रित की जाती है।

UBN No. PIA2526WSRC00031 PIA2526WSRC00032

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण sppp.rajasthan.gov.in and eproc. rajasthan.gov.in पर भी एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कार्यो की अनुमानित लागत 20.00 लाख रूपये है।

विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चतरपुरा | प्रशासक ग्राम पंचायत चतरपुरा


# अरावली क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जयपुर जिले में अरावली पर्वतमाला क्षेत्र की पारिस्थितिकी के संरक्षण एवं अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में विगत पाँच दिनों के दौरान खनिज विभाग, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। खनिज अभियंता श्याम चौधरी ने बताया कि संयुक्त टीमों द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर अवैध खनन में संलिप्त भारी मशीनरी एवं परिवहन वाहनों को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन में प्रयुक्त कुल 02 एक्सकेवेटर मशीन, 14 डंपर तथा 34 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कुल 50 वाहन जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल 46 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 50 लाख 36 हजार रुपये की शास्ति राशि वसूल कर राजकोष में जमा कराई गई। इसके अतिरिक्त अवैध खनन एवं निर्गमन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस थाना शिवदासपुरा में 01, कोटखावदा में 02, चाकसू में 03 तथा कानोता में 01, कुल 07 एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि अरावली क्षेत्र की पारिस्थितिकी को क्षति पहुँचाने वाले किसी भी प्रकार के अवैध खनन अथवा खनिजों के अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के संयुक्त एवं सघन अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।



# थानाधिकारी का नागरिक अभिनंदन समारोह

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** सीमेंट व्यापार मंडल द्वारा चौमूं थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा का राजस्थान पुलिस सेवा अधिकारी के पद पर पदोन्नति होने पर नागरिक अभिनंदन किया गया । व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा एवं निवर्तमान उपसभापति नगर परिषद चौमूं किरण शर्मा द्वारा थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी अंजना शर्मा का साफा, शॉल एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। थाना अधिकारी ने चौमूं वासियों द्वारा दिए गए मान सम्मान हेतु ह्रदय से आभार व्यक्त किया एवं उनके द्वारा चौमूं में बिताए गए स्वर्णिम समय को कभी नहीं भूलने की बात कही। इस अवसर पर जनरल फैंसी फुटवियर व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, सर्राफा व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज जांगिड़, किराना व्यापार मंडल महामंत्री नारायण शर्मा, इलेक्ट्रॉनिक व्यापार मंडल अध्यक्ष कानाराम सैनी, हार्डवेयर व्यापार मंडल अध्यक्ष शिशुपाल चौधरी, मोबाइल व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित सैनी, वस्त्र व्यापार मंडल अध्यक्ष महेंद्र विजय, गिरधारी गोयल, इंटक प्रदेश महामंत्री रामावतार स्वामी, गिर्राज नगर विकास समिति अध्यक्ष प्रकाश रेगर, गोविंद नगर विकास समिति अध्यक्ष अशोक शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, गायत्री परिवार के अध्यक्ष विनेश अग्रवाल, दिनेश खेमका एवं स्थानीय वार्ड वासियों द्वारा सम्मान किया गया ।




### कार्यालय ग्राम पंचायत चतरपुरा पंचायत समिति बानसूर (कोटपूतली-बहरोड)

क्रमांक : / ग्रा.पं./2025/ दिनांक :-

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चतरपुरा द्वारा कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मो/संवेदको से आमंत्रित की जाती है।

UBN No. PIA2526WSRC00021 PIA2526WSRC00025

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण sppp.rajasthan.gov.in and eproc. rajasthan.gov.in पर भी एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कार्यो की अनुमानित लागत 14.50 लाख रूपये है।

विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चतरपुरा | प्रशासक ग्राम पंचायत चतरपुरा

## सम्पादकीय

# सामाजिक सुरक्षा का सवाल, गिग वर्करों की मांगों पर हो विचार

यह ठीक है कि खाने-पीने की सामग्री के साथ अन्य सामान की डिलीवरी करने वाले अस्थायी कामगारों यानी गिग वर्करों की ओर देश का ध्यान गया, लेकिन ऐसा तब हो पाया, जब विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले इन लोगों को हड़ताल करनी पड़ी। गिग वर्करों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार होना चाहिए, क्योंकि उनकी कार्यदशाएं काफी कठोर हैं। आज जब क्विक कामर्स और फूड डिलीवरी कंपनियों का कारोबार बढ़ता जा रहा है, तब उनके लिए काम की बेहतर दशाएं सुनिश्चित की ही जानी चाहिए। यह संतोषजनक तो है कि केंद्र सरकार गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा का एक प्रस्ताव लेकर आई है, लेकिन बात तब बनेगी, जब इस प्रस्ताव के प्रविधानों को सही तरह लागू करने में सफलता मिलेगी। गिग वर्करों की समस्या यह है कि वे जिन कंपनियों के लिए काम करते हैं, उनके वे कर्मचारी नहीं माने जाते। उनके काम के घंटे भी तय नहीं हैं। वे जितने समय काम करते हैं, उतने ही वक्त का उन्हें पैसा मिलता है। उन्हें कभी भी काम से हटाया जा सकता है। चूंकि उनकी स्थिति असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों जैसी है, इसलिए उनकी कार्यदशाओं पर किसी का ध्यान नहीं है। यदि उनके साथ कुछ अनहोनी जाए तो संबंधित कंपनी की जवाबदेही नहीं होती। यह समझा जाना चाहिए कि गिग वर्कर आधारित उद्योग बेहतर नियमन की मांग कर रहा है। गिग वर्करों की समस्याएं इसलिए और बढ़ गई हैं, क्योंकि दस मिनट में भी सामान की डिलीवरी करने का चलन जोर पकड़ गया है। इस चलन पर फिर से विचार होना चाहिए, क्योंकि इससे गिग वर्करों के साथ दुर्घटनाएं होने का जोखिम बढ़ गया है। कई बार गिग वर्कर शीघ्र सामान पहुंचाने के फेर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते दिखते हैं। निःसंदेह गिग वर्कर बढ़ रहे हैं, लेकिन उन्हें मिलने वाले मेहनताने को आकर्षक नहीं कहा जा सकता। नीति आयोग के अनुसार 2020-21 में जो गिग वर्कर 77 लाख के करीब थे, उनकी संख्या 2029-30 तक 2.35 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में सरकार के साथ उन कंपनियों को भी उनकी सुधि लेनी होगी, जिनके लिए वे काम करते हैं। उन्हें केवल सामाजिक सुरक्षा के ही दायरे में नहीं लाया जाना चाहिए, बल्कि ऐसे उपाय भी किए जाने चाहिए, जिससे उनका शोषण न हो सके और वे अपने भरणपोषण लायक आय अर्जित कर सकें। अब जब यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में गिग वर्करों की संख्या बढ़ती ही जानी है, तब इस पर भी ध्यान दिया जाए कि सामान की डिलीवरी




के लिए बैट्री चालित दोपहिया वाहनों का ही उपयोग हो। यह भी समय की मांग है कि गिग वर्करों के साथ असंगठित क्षेत्र के अन्य सभी कामगारों के हित की भी चिंता की जाए। यह ठीक नहीं कि लाखों अस्थायी कामगार सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर हैं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 03 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 107वें सत्र का उद्‌घाटन किया। भारतीय विज्ञान कांग्रेस-2020 की थीम ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी थी।
- -केवीआईसी ने गुजरात में पहला रेशम प्रसंस्करण संयंत्र खोला।
- -डॉ. जितेंद्र सिंह ने पहले क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया।
- -ताइवान ने चीन के 'एक देश, दो व्यवस्था' वाले प्रस्ताव को ठुकरा दिया।
- 2015 - नाइजीरिया के पूवोत्तर शहर बागा में आतंकवादी संगठन बोको हराम का हमला, लगभग 2000 लोगों की मौत।
- 2013 - इराक के मुसय्यिब क्षेत्र में एक आत्मघाती बम विस्फोट में शिया समुदाय के 27 लोगों की मौत हो गयी और 60 घायल हो गये।
- 2009 - राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभा में विश्वास मत हासिल किया।
- 2008 - बिजली उपकरण बनाने वाली 'इंडो एशियन फ्युजगीयर लिमिटेड' ने उत्तराखण्ड में हरिद्वार में 40 करोड़ रुपये के निवेश से नया अत्याधुनिक विचारगियर संयंत्र खोलने की घोषणा की।
- -संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 15 सदस्यीय टीम में लीबिया, वियतनाम, क्रोएशिया, कोस्टारिका और बुर्किनाफासो का पांच नये अस्थायी सदस्यों के रूप में चयन किया गया।
- 2007 - चीन की मारग्रेट चान ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक पद की कमान सम्भाली।
- 2005 - यूएसए ने तमिलनाडु में सुनामी पीड़ितों को साफ़ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 6.2 करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा की।
- 2004 - 12वें सार्क सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस्लामाबाद पहुँचे।
- मिस्र की विमानन कंपनी फ्लैश एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान 604 के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 148 लोग मारे गये।
- 2002 - काठमाण्डू में दक्षेस विदेश मंत्रियों की बैठक में पाकिस्तान बेनकाब, भारत ने आतंकवादियों व अपराधियों के ख़िलाफ़ सबूत सार्वजनिक किए।

## विशेष आलेख

# धर्म का स्वरूपः सेवा या स्वार्थ ?



डॉ प्रियंका सौरभ

**परंपराओं को पत्थर की लकीर मान लेना समाज के विकास में बाधा बनता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम परंपराओं की समीक्षा करें यह समझें कि उनका उद्देश्य क्या है और वे वर्तमान समय में कितनी प्रासंगिक हैं। धर्म का एक महत्वपूर्ण पक्ष सेवा रहा है। सेवा का अर्थ है निस्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना।**

भारत को सदियों से धर्म, आस्था और आध्यात्म की भूमि माना जाता रहा है। यहाँ धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जीवन के हर पक्ष को दिशा देने वाला तत्व रहा है। आस्था ने व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में संबल दिया, उसे नैतिकता और मानवता से जोड़े रखा। किंतु बदलते समय के साथ यह देखा जा रहा है कि आस्था का स्वरूप धीरे-धीरे विकृत होता जा रहा है। धर्म, जो आत्मिक शांति का माध्यम था, कई स्थानों पर भय, अंधविश्वास और व्यापार का साधन बनता जा रहा है। आज का यथार्थ यह है कि धार्मिक परंपराओं का एक बड़ा हिस्सा अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका है। जिन कर्मकांडों का उद्देश्य मनुष्य को आत्मिक संतुलन देना था, वे अब आर्थिक लेन-देन और दिखावे से जुड़ गए हैं। तीर्थस्थल, जो कभी तप, त्याग और साधना के केंद्र हुआ करते थे, आज कई बार बाजार का रूप धारण कर चुके हैं। श्रद्धालु की भावना से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व दिया जाने लगा है। आस्था का मूल आधार विश्वास है—ईश्वर में, जीवन में और स्वयं में। यह विश्वास किसी डर या लालच से नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष से उपजता है। जब आस्था भय पर आधारित हो जाती है, तब वह पाखंड में बदल जाती है। दुर्भाग्यवश, आज अनेक धार्मिक गतिविधियाँ इसी भय को केंद्र में रखकर संचालित की जा रही हैं। लोगों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि यदि उन्होंने किसी विशेष परंपरा का पालन नहीं किया या तय राशि का दान नहीं दिया, तो अनिष्ट हो जाएगा। इस प्रकार धर्म, जो आश्वासन देने वाला था, भय पैदा करने वाला बनता जा रहा है।

परंपराएँ किसी भी समाज की पहचान होती हैं। वे पीढ़ी-दर-पीढ़ी अनुभव और ज्ञान के माध्यम से विकसित होती हैं। लेकिन परंपराएँ तब तक ही उपयोगी हैं, जब तक वे समय, विवेक और मानवता के अनुरूप हों। परंपराओं को पत्थर की लकीर मान लेना समाज के विकास में बाधा बनता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम परंपराओं की समीक्षा करें यह समझें कि उनका उद्देश्य क्या है और वे वर्तमान समय में कितनी प्रासंगिक हैं। धर्म का एक महत्वपूर्ण पक्ष सेवा रहा है। सेवा का अर्थ है निस्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना। किंतु जब सेवा के बदले मूल्य तय कर दिया जाए, तब उसका स्वरूप बदल जाता है। दान तभी दान कहलाता है जब वह स्वेच्छा से दिया जाए। जब दान दबाव, भय या सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण दिया जाता है, तब वह अपनी पवित्रता खो देता है। दुर्भाग्य से, आज दान भी कई जगह अनिवार्य शुल्क की तरह वसूला जाने लगा है।

इस स्थिति का सबसे अधिक प्रभाव साधारण और भावनात्मक लोगों पर पड़ता है। दुख, शोक या संकट की घड़ी में व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर होता है। ऐसे समय में यदि उसकी आस्था का शोषण किया जाए, तो यह न केवल अनैतिक है, बल्कि अमानवीय भी है। धर्म का उद्देश्य मनुष्य को टूटने से बचाना है, न कि उसे और अधिक बोझिल बनाना।

पाखंड का सबसे बड़ा खतरा यह है कि वह धीरे-धीरे धर्म के प्रति अविश्वास को जन्म देता है। जब लोग बार-बार ठगे जाते हैं, उनकी भावनाओं का दोहन होता है, तो वे या तो धर्म से दूर हो जाते हैं या फिर हर परंपरा को संदेह की दृष्टि से देखने लगते हैं। यह स्थिति समाज के लिए घातक है, क्योंकि धर्म का स्वस्थ स्वरूप सामाजिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आज के शिक्षित और जागरूक समाज में यह अपेक्षा की जाती है कि व्यक्ति हर बात को तर्क और विवेक की कसौटी पर परखे। आस्था और विवेक एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। सच्ची आस्था वही है जो विवेक के साथ चल सके। यदि कोई परंपरा मानवता, नैतिकता और करुणा के विरुद्ध जाती है, तो उसे बदलना ही धर्मसम्मत कदम माना जाना चाहिए। धार्मिक संस्थानों और धर्म से जुड़े लोगों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें यह समझना होगा कि उनकी जिम्मेदारी केवल कर्मकांड करवाना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी है। यदि धार्मिक नेतृत्व स्वयं लालच और स्वार्थ से प्रेरित होगा, तो आमजन से नैतिकता की अपेक्षा करना व्यर्थ है। धर्म को व्यवसाय नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाना समय की माँग है।

इसके साथ ही समाज की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। जब तक लोग स्वयं जागरूक नहीं होंगे, तब तक पाखंड समाप्त नहीं होगा। प्रश्न करना अधर्म नहीं है। हर परंपरा का उद्देश्य समझना और उस पर विचार करना बौद्धिक परिपक्वता का संकेत है। आँख मूँदकर हर बात मान लेना न तो आस्था है और न ही धर्म।

मीडिया और शिक्षा संस्थानों की भूमिका भी इस संदर्भ में अहम है। यदि धार्मिक मुद्दों पर संतुलित, तार्किक और संवेदनशील चर्चा होगी, तो समाज में जागरूकता बढ़ेगी। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि विवेकशील नागरिक तैयार करना भी है—ऐसे नागरिक जो आस्था और अंधविश्वास में अंतर समझ सकें।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम धर्म को उसके मूल स्वरूप में लौटाने का प्रयास करें। ऐसा धर्म, जो भय नहीं, बल्कि शांति दे; जो शोषण नहीं, बल्कि संरक्षण करे; और जो विभाजन नहीं, बल्कि एकता का संदेश दे। आस्था को आत्मा की शक्ति बनाना होगा, न कि किसी के स्वार्थ का साधन।

अंततः यह स्पष्ट है कि धर्म का भविष्य परंपराओं से अधिक हमारी सोच पर निर्भर करता है। यदि हम विवेक, करुणा और आत्मसम्मान को आस्था का आधार बनाएँ, तो पाखंड अपने आप समाप्त होने लगेगा। सच्चा धर्म वही है जो मनुष्य को बेहतर इंसान बनाए। आज के समय में यही सबसे बड़ी आवश्यकता और सबसे बड़ा धर्म है।

# नारी जागरण नहीं, नारी आगमन का समय है

*पिछले वर्षों में महिलाओं की श्रम भागीदारी और निर्णयात्मक भूमिकाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह परिवर्तन आंकड़ों से अधिक मानसिकता का द्योतक है। आज महिलाएं नौकरी खोजने वाली नहीं, रोजगार देने वाली बन रही हैं।*



कृति आरके जैन

जब इतिहास अपने पन्ने पलटता है, तो कुछ वर्ष केवल तारीख नहीं रहते, वे चेतना बन जाते हैं। वर्ष 2026 ऐसा ही एक कालखंड है, जहां भारतीय नारी की पहचान 'अबला' की परिधि तोडक़र 'सबला, सक्षम और निर्णायक शक्ति' के रूप में स्थापित हो रही है। अब प्रश्न यह नहीं कि स्त्री क्या कर सकती है, प्रश्न यह है कि बिना स्त्री के क्या संभव है? यह परिवर्तन अचानक नहीं, बल्कि सदियों की चुप्पी, संघर्ष और आत्मचेतना से उपजा हुआ है। आज महिला दया या सहानुभूति की नहीं, अधिकार, अवसर और नेतृत्व की भाषा बोल रही है। वह केवल बदलाव का हिस्सा नहीं, बल्कि बदलाव की धुरी बन चुकी है। यही युगांतकारी बदलाव 2026 को नारी चेतना का स्वर्णिम अध्याय बनाता है। भारतीय समाज में लंबे समय तक स्त्री को त्याग, सहनशीलता और मौन की प्रतिमूर्ति माना गया। परंतु समय के साथ उसने प्रश्न पूछना सीखा, निर्णय लेना सीखा और अपनी पहचान स्वयं गढ़ी। शिक्षा के विस्तार, सामाजिक आंदोलनों और नीतिगत प्रयासों ने उसे नई दृष्टि दी। अब वह परिवार की सीमाओं तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की दिशा तय करने वाली शक्ति है। 2026 तक आते-आते महिला आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, वैचारिक भी बन चुकी है। वह परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन साधते हुए अपने लिए नए रास्ते बना रही है। यही संतुलन उसे विशिष्ट, प्रभावशाली और प्रेरणादायी बनाता है। पिछले वर्षों में महिलाओं की श्रम भागीदारी और निर्णयात्मक भूमिकाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह परिवर्तन आंकड़ों से अधिक मानसिकता का द्योतक है। आज महिलाएं नौकरी खोजने वाली नहीं, रोजगार देने वाली बन रही हैं। वे नेतृत्व, प्रबंधन और नवाचार के क्षेत्र में नई मिसालें गढ़ रही हैं। आत्मनिर्भरता ने उन्हें आत्मविश्वास दिया है, और आत्मविश्वास ने समाज में उनकी स्वीकार्यता बढ़ाई है। 2026 की महिला आर्थिक इकाई नहीं, बल्कि आर्थिक दिशा निर्धारित करने वाली शक्ति है। वह घर की अर्थव्यवस्था से लेकर राष्ट्र की विकास नीति तक अपनी स्पष्ट छाप छोड़ रही है। खेल जगत में भारतीय महिलाओं ने जिस प्रकार सीमाओं को ध्वस्त किया है, वह नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विजयों ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा लिंग नहीं देखती। साहस, अनुशासन और समर्पण के बल पर महिला खिलाड़ी असंभव को संभव कर रही हैं। उनकी सफलता केवल पदकों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक सोच में परिवर्तन का माध्यम है। खेल ने उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व और मानसिक दृढ़ता दी है। आज खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का विद्यालय बन चुका है, जहां से आत्मबल से भरी पीढियां निकल रही हैं। उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारत की आर्थिक संरचना को नया आकार दे रही है। छोटे गांवों से लेकर महानगरों तक महिलाएं स्टार्टअप, स्वसहाय समूह और नवाचार आधारित व्यवसाय खड़े कर रही हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म, वित्तीय समावेशन और प्रशिक्षण ने उन्हें नई उड़ान दी है। वे केवल लाभ नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व को भी प्राथमिकता दे रही हैं।

## लघु कथा
बढ़ता राजस्थान

### सैलाब

पिता की मृत्यु के बाद के सारे कार्य संपन्न हो चुके थे। अब तेरहवीं होनी थी और अगले दिन मुझे नौकरी पर वापस ग्वालियर रवाना हो जाना था.. बस एक ही डर बार बार मुझे बुरी तरह परेशान कर रहा था और उस दृश्य की कल्पना मात्र से सहम उठता था मैं.. और ये दृश्य था मेरी इस बार की विदाई का ..जब दुख का पहाड़ टूट पड़ा हो..हर बार ग्वालियर रवाना होने के वक्त माँ फूटफूटकर रोने लगती थीं.. और मैं दो तीन दिन अवसाद मे रहता था..मोबाइल भी नहीं थे उन दिनों..। यूं भी कोई भी रिश्तेदार आता तो बातचीत के दौरान माँ के आँसू ज़रूर निकलते। दरअसल मेरे एक भाई की अचानक



मौत ने उन्हें हमेशा के लिए बेहद आहत कर दिया था और भाई भी ऐसा जो ध्रुव या प्रहलाद का अवतार था जिसे पूरी गीता और लगभग पूरा रामचरित मानस कंठस्थ था और अंताक्षरी विजेता के रूप मे पूरे ज़िले मे जिसकी प्रतिष्ठा थी..माँ यूं भी बहुत भावुक थीं और आँसू उनके जीवन का हिस्सा बन गए थे.. तेरहवीं संपन्न हो गई थी.. कल मेरी ट्रेन थी और मेरे मन मस्तिष्क में वही विदाई.. और माँ के आंसुओं का सैलाब उमड़ रहा था.. आखिर विदाई के कठिन पल आ गए थे.. बड़े भाई साहब रिक्शा ले आए थे..मैं अटैची लेकर सीढियां उतरने लगा था..माँ साथ साथ थीं.. भाभीजी और बहनें पीछे पीछे थीं.. सीढियाँ उतरते ही गलियारे में अचानक माँ ने कंधे पर हाथ रखा था..होनी को जो मंजूर था.. हो गया.. जानती हूँ तुम भी बहुत भावुक हो..ज़रा भी दुख न करना.. मन लगा कर काम करना.. किसी बात की भी चिंता मत करना..न चाहते हुए भी मैं रुआंसा हो गया था.. मैंने कातर दृष्टि से माँ को देखा था.. माँ की आंखों मे एक भी आँसू नहीं था..!!!

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में शकरकंद खाने से सेहत को मिलेंगे ये जबरदस्त फायदे, जानें कब और कैसे करें सेवन

सर्दियों की शुरुआत होते ही बाजारों में शकरकंद बिकने लगती है। शकरकंद न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट लगती है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। इसमें विटामिन-ए, विटामिन-सी, फाइबर, प्रोटीन, आयरन, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो सेहत को कई लाभ पहुंचाते हैं। सर्दियों में शकरकंद का सेवन करने से इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। दरअसल, इसमें विटामिन-सी मौजूद होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। सर्दियों में शकरकंदी का सेवन करने से सर्दी, खांसी और जुकाम की समस्या से बचाव हो सकता है। सर्दियों में शकरकंद का सेवन करने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। दरअसल, इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके नियमित सेवन से कब्ज और एसिडिटी जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। शकरकंद का सेवन करने से वजन घटाने में भी मदद मिल सकती है। दरअसल, यह एक लो-कैलोरी फूड है। इसके अलावा, इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। इसे खाने से बार-बार भूख नहीं लगती है, जिससे आप ओवरईटिंग से बच सकते हैं। जो लोग सर्दियों में वजन कम करना चाहते हैं, वो सीमित में मात्रा में शकरकंद का सेवन कर सकते हैं। सर्दियों में शकरकंद का सेवन डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता, जिससे यह ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में मदद करती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन रोज़गार के मामले में बढ़िया रहने वाला है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को लेकर भी अपने किसी सहयोगी से बातचीत कर सकते हैं।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है। आपको एक से अधिक सोर्सो से इनकम प्राप्त होगी।

**मिथुन**
आज बिजनेस को लेकर आप कोई निर्णय ले सकते हैं, जो आपका लंबे समय से पेंडिंग पड़ा था और किसी डील को भी फाइनल करने का मौका मिलेगा। संतान की पढ़ाई लिखाई को लेकर कोई समस्या आ रही थी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखना होगा। आप रहने सहन के स्तर में सुधार लाएंगे। नए साल में आपके खर्च बढ़ सकते हैं।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी यात्रा पर जाना अच्छा रहेगा और धन धान्य में वृद्धि होगी। कोई सरकारी काम रुका हुआ था।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए कोर्ट कचहरी से संबंधित मामला में अच्छा रहने वाला है। इनकम में वृद्धि होगी और आपकी धार्मिक कामों के प्रति काफी रुचि बढेगी और प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए व्यापार के मामले में अच्छा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी। परिवार में चल रही समस्याएं भी दूर होंगी। किसी को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। व्यापार में आपको अच्छी सफलता मिलेगी और आपके कुछ नए मित्र बनेंगे। नए साल में आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

**धनु**
आज वाहन की खराबी के कारण खर्चा बढ़ सकता है। स्वास्थ्य को लेकर भी आपको थोड़ा सा सतर्क रहने की आवश्यकता है। जीवन साथी और आपके बीच प्रेम भरपूर रहेगा।

**मकर**
आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा, क्योंकि आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा और कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में बढ़िया रहने वाला है और आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। किसी दूसरे के मामले में आपको बोलने से बचना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए किसी नए घर की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा और वैवाहिक जीवन में प्रेम व सहयोग बना रहेगा। परिवार में यदि सदस्यों में लड़ाई झगड़ा चल रहा था।

## देशराज आईटीआई में खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, प्रथम वर्ष की टीम रही विजेता



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नव वर्ष के उपलक्ष में देशराज आईटीआई में खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम वर्ष की टीम विजेता रही। आईटीआई के संस्था प्रधान पृथ्वीराज टाटावत ने बताया कि संस्था परिसर में प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष वर्ग के मध्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। तीन मैचों की सीरीज में प्रथम वर्ष के खिलाडियों ने 2-1 से विजेता रहे। विजेता टीम को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद देशराज टाटावत, सुरेशचंद बैरवा, विष्णु वर्मा व धर्मेंद्र सिंह राठौड़ सहित संस्था के विद्यार्थी मौजूद थे।

## अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण छात्रावास में 4 जनवरी को सुबह 11 बजे महासभा के जिलाध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। बैठक में टोंक जिला एवं निवाई तहसील की संयुक्त इकाइयों के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि बैठक में छात्रावास परिसर में प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित अन्य सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## धूप निकलने से मिली राहत सूर्यदेव के कभी-कभी हुए दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शहर सहित उपखंड क्षेत्र में पिछले दो दिन से पड़ रही तेज ठण्ड से राहत महसूस की। तेज ठण्ड से किसान सहित आमजन प्रभावित रहा। शुक्रवार को बादलों के छटने व धूप निकलने से लोगों ने राहत महसूस की। शुक्रवार को सूर्यदेव के कभी-कभी दर्शन हुए। गुरूवार को हुई बरसात से तापमान में गिरावट आई है। जिससे सर्दी बढ़ गई है। ठण्ड होने से लोगों ने कंबल, शॉल, रजाई, मफलर, टोपा व दस्ताने का उपयोग करना शुरूकर दिया है। सर्दी बढने के साथ ही शहर में ऊनी वस्त्रों की बिक्री भी जोरों पर है। शहर में चाय, कोफी, चाट, पकोडी, कचोरी व समोसा सहित कई गर्म खाद्य पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। तेज ठण्ड के चलते बाजरों में दिनभर सन्नाटा रहता है।

## दिव्य महादेव मंदिर में सजाई छप्पन भोग की झांकी



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** कीर कॉलोनी स्थित दिव्य महादेव मंदिर में श्री कृष्णा सखी महिला मंडल के तत्वावधान में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। अध्यक्ष आशा जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिलाओं ने अपने घर से पकवान बनाए तथा भगवान को 56 भोग का प्रसाद जिमाया। सुबह भोलेनाथ का अभिषेक कर झांकी सजाई तथा बालाजी के चांदी के वर्क का चोला चढ़ाकर भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओ ने भाव विभोर होकर भक्ति नृत्य किया। सभी महिलाओं ने भगवान से सामूहिक मनोकामना की। सामूहिक आरती करके प्रसादी का वितरण किया गया।

## मांशी बांध में युवक का तैरता हुआ मिला शव,क्षेत्र में फैली सनसनी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** देवधाम जोधपुरिया में भगवान देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के पीछे स्थित मांशी बांध में शुक्रवार को अलसुबह एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। जिससे सनसनी फैल गई। सूचना पर सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद मय पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से शव को मांशी बांध से बाहर निकालकर निवाई उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मृतक की जेब में मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान दिनेश गुर्जर (36) पुत्र स्व. राजूलाल गुर्जर निवासी खेलनिया थाना उनियारा के रूप में हुई। उन्होंने मृतक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मृतक के छोटे भाई बंशी गुर्जर ने शव की शिनाख्त की। बंशी गुर्जर ने पुलिस को बताया कि उसका भाई पिछले कुछ दिनों से बीमार था और मानसिक रूप से भी अस्वस्थ था। वह बीते सात दिनों से भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में ही रह रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भगवान लक्ष्मीनाथ के लगाया पौषबडा का भोग

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** मालियों के मोहल्ले में स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनाथ के मंदिर में पौष मास शुक्ल पक्ष चौदस पर पौषबडा महोत्सव का आयोजन हुआ। श्रद्धालु राजेश भट्ट ने बताया कि पौषबडा महोत्सव को लेकर सुबह



भगवान की पूजा-अर्चन करके विशेष पोशाक पहनाकर मनमोहक श्रृंगार किया एवं फूलों से भव्य झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ किया गया। महोत्सव को लेकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।। इस के बाद दाल के बड़ों, पुआ व हलवा का भोग लगाकर कर महाआरती की गई। इस दौरान श्रद्धलुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

# प्रियंका गांधी परिवार सहित रणथंभौर से दिल्ली रवाना, बाघिन रिद्धि और शावकों के किए दीदार

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने परिवार के साथ चार दिवसीय निजी दौरे पर रणथंभौर पहुंची थी, शुक्रवार को वे अपने पति रॉबर्ट वाड्रा, बेटे रेहान वाड्रा, बेटी मिराया वाड्रा और बेटे की मंगेतर अवीवा बैग सहित दिल्ली के लिए रवाना हो गईं! उनका काफिला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होटल शेरबाग से सडक़ मार्ग से रवाना हुआ।



### नए साल का जश्न और सगाई की चर्चा

प्रियंका गांधी 30 दिसंबर को परिवार और करीबी रिश्तेदारों के साथ रणथंभौर पहुंची थीं. इस निजी दौरे की चर्चा मुख्य रूप से उनके बेटे रेहान वाड्रा और अवीवा बैग की सगाई को लेकर रही, हालांकि परिवार की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई. नए साल का जश्न भी परिवार ने होटल शेरबाग में मनाया।

### जिप्सी के सामने से गुजरा बाघ,बाघिन रिद्धि और शावकों के दीदार

दौरे के दौरान प्रियंका गांधी ने परिवार के साथ रणथंभौर नेशनल पार्क में टाइगर सफारी का भरपूर आनंद लिया. 1 जनवरी को शाम की सफारी में जोन नंबर 3 में बाघिन रिद्धि और उसके शावकों की अठखेलियां देखीं। सफारी के दौरान एक रोमांचक पल में उनकी जिप्सी के ठीक सामने एक टाइगर झाडिय़ों से निकला और शांतिपूर्वक गुजर गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इससे पहले भी परिवार ने पार्क के झील क्षेत्र और जोगी महल इलाके में प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी ने नए साल का जश्न परिवार सहित रणथंभौर के होटल शेरबाग में मनाया. इसके बाद नए साल के पहले दिन एक जनवरी को अल सुबह राहुल गांधी रणथंभौर से दिल्ली के लिए रवाना हो गए. वहीं, प्रियंका गांधी वाड्रा अपने परिवार के साथ रणथंभौर में ही ठहरी रहीं. प्रियंका ने नये साल के पहले दिन अपने पति रॉबर्ड वाड्रा, बेटे रेहान वाड्रा, बेटी मिराया और बेटे की मंगेतर अविवा बेग सहित अपने अन्य दोस्तों के साथ शाम की पारी में रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण कर बाघों की अठखेलियां देखीं। प्रियंका गांधी के दिल्ली रवाना होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली, क्योंकि पूरे दौरे में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। रणथंभौर गांधी परिवार का पसंदीदा स्थल रहा है, जहां वे अक्सर निजी समय बिताने आते हैं।

# मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के कार्यों में गति लाने के निर्देश

## जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा )।** ग्रामीण विकास, डांग एवं पंचायती राज विभाग की समस्त योजनाओं तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गौरव बुडानिया की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 सहित जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एमजेएसए 2.1, एमजेएसए 2.2, पीएमकेएसवाई की भी विस्तार से प्रगति समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने सभी ब्लॉक विकास अधिकारियों से उनके-अपने क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए सख्त निर्देश दिए कि लंबित कार्यों में शीघ्र प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा समस्त कार्यों की वास्तविक जानकारी अपडेट कर समय पर पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने वाटरशेड के अधीक्षण अभियंता संजय माथुर को निर्देशित किया कि 9 जनवरी से पूर्व सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण कर आवश्यक विवरण पोर्टल पर अपलोड करवाया जाए, ताकि योजनाओं की प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित समस्त विकास अधिकारी, पंचायत राज एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत निंदडदा में कलेक्टर की रात्रि चौपाल

# ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर काना राम ने नववर्ष की प्रथम रात्रि पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत निंदडदा स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में रात्रि चौपाल आयोजित की। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा अनियमित जलापूर्ति, राइजिंग लाइन लीकेज, नहर से पानी के लिए नलियां डलवाने, सीसी सडक़ निर्माण, रास्तों पर ग्रेवलिंग, घर के उपर हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोडने, स्वास्थ्य केंद्र भवन मरम्मत एवं शैक्षणिक गुणवत्ता से जुड़े परिवाद प्रस्तुत किए गए। उन्होंने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### देवस्थान मार्ग व विद्यालय जांच के निर्देश

सडक़ निर्माण के संबंध में देवस्थान (पिपली वाले बाबा) मार्ग पर पुराने राजस्व रिकॉर्ड की जांच कर ग्रेवल सडक़ करने के निर्देश पंचायतीराज एवं राजस्व विभाग को दिए गए। वहीं श्यामोता उच्च माध्यमिक विद्यालय से जुड़ी शिकायत पर शिक्षा विभाग को जांच के निर्देश प्रदान किए गए।

### जल, बिजली व सौर ऊर्जा पर विशेष जोर

जल जीवन मिशन के तहत गांव में स्थापित योजनाओं के नियमित संचालन, लीकेज राइजिंग लाइन को ठेकेदार द्वारा ठीक करवाने तथा शत-प्रतिशत घरों में अंतिम तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बिजली चोरी की शिकायत पर विद्युत विभाग को विजिलेंस कार्रवाई एवं सभी पात्र परिवारों को कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का स्थायी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पटवारी एवं कृषि पर्यवेक्षकों के गांववार उपस्थित रहने के दिन निर्धारित कर ग्राम पंचायत भवनों पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए। रात्रि चौपाल में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, उपखण्ड अधिकारी गौरव मित्तल, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा, सरपंच रचना देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी 15 जनवरी तक क्लेम फॉर्म ऑनलाइन भरें

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** जिला मुख्यालय के राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों कि राज्य बीमा पॉलिसी परिपक्व होने पर राज्य बीमा क्लेम दावों के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा तय कर दी गई है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के बीच सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को 1 से 15 जनवरी तक अपने क्लेम फॉर्म ऑनलाइन भरने होंगे। जिन कार्मिकों की जन्मतिथि 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के मध्य है, उनकी पॉलिसी 1 अप्रैल 2026 को परिपक्व हो जाएगी। ऐसे कर्मचारियों को अपने अंतिम बीमा प्रीमियम की कटौती दिसंबर 2025 के वेतन तक ही सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों के मामले में, जिनकी सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 या 65 वर्ष की गई है, उनकी पॉलिसी की परिपक्वता तिथि स्वतः परिवर्तित मानी जाएगी। यदि कोई कार्मिक पॉलिसी का विस्तार चाहता है, तो उसे 1998 के नियमों के तहत ऑनलाइन विकल्प पत्र भरना होगा। पोर्टलः कार्मिक को अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से न्यू एसआईएफ पोर्टल पर लॉगिन करना होगा, जिसके साथ राज्य बीमा की पासबुक, राज्य बीमा पॉलिसी बॉन्ड (दोनो तरफ से), पदस्थापन्न विवरण के लिए परिशिष्ट-क ऑनलाइन अपलोड करना होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य समस्या अथवा अतिरिक्त जानकारी के लिए कार्मिक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, टोंक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुई। समन्वय समिति के नोडल अधिकारी एवं बीसलपुर परियोजना देवली के अतिरिक्त जिला कलेक्टर भूपेन्द्र यादव ने समिति से जुड़े सभी अधिकारियों को बताया कि जिले से इस योजना के तहत पीपलू पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जौंला, टोंक की निमोला, देवली की घाड़, मालपुरा की झाड़ली एवं टोडारायसिंह की भांसू का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से पूर्णतः निरोगी गांव होने पर गांवों को आयुष्मान आदर्श गांव घोषित करने संबंधी बजट घोषणा की क्रियान्विती आयुष विभाग एवं संबंधित विभागों द्वारा की जानी है। इसमें पारम्परिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को सुधारने और ग्रामीणों को स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस योजना का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आदर्श मॉडल के रुप में विकसित करना है। आयुष्मान आदर्श ग्राम घोषित होने पर 11 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। प्रथम चरण में आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों के माध्यम से यह योजना चिन्हित ग्राम पंचायतों पर लागू होगी। इनके माध्यम से औषधीय पौधों के प्रति जागरुक करना एवं स्वस्थ्य जीवन शैली पर जोर दिया जायेगा। साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा मधुमेह, रक्तचाप, महिलाओं में एनीमिया समेत अन्य की स्क्रिनिंग की जायेगी। इस दौरान प्रत्येक परिवार के स्वास्थ्य प्रोफाईल का संधारण किया जायेगा।

बैठक में आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. रामसहाय बैरवा ने बताया कि इस योजना में चिन्हित ग्राम पंचायतों को निर्धारित 18 सूचांकों पर कार्य करना है। आमजन को पारम्परिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं परामर्श प्रदान करना है।

बैठक में आरसीएचओ गोपाल जांगिड़, आईसीडीएस की उप निदेशक सरोज मीना, जिला क्षयरोग अधिकारी हिमांशु मित्तल, सहायक वन संरक्षक अनुराग महार्षि एवं शिक्षा विभाग के ईडीइओ सीताराम साहू मौजूद रहे।

# सवाई माधोपुर स्थापना दिवस और बाघ महोत्सव 17 जनवरी से, भव्य आयोजनों से होगा आगाज

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर के 263 वें स्थापना दिवस को बाघ महोत्सव एवं अमरूद महोत्सव के रूप में मनाने के विषय में जिला कलक्टर काना राम ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की। इस दौरान जिला कलक्टर काना राम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल, उप निदेशक कृषि आत्मा अमर सिंह, उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारियों ने अमरूद मोहत्सव पोस्टर का विमोचन भी किया। जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि 17 से 19 जनवरी, 2026 तक तीन दिवसीय आयोजन श्रृंखला के अंतर्गत सवाई माधोपुर की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन, खेल, पर्यावरण चेतना, कृषि नवाचार और जनसहभागिता को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्सव के माध्यम से जिलेवासियों सहित देशी-विदेशी पर्यटको को सवाई माधोपुर जिले की कला, संस्कृति एवं गौरव से रूबरू कराया जाएगा। जिला कलक्टर ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि उत्सव के प्रथम दिन, 17 जनवरी को कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 9 बजे रणथम्भौर दुर्ग में श्री त्रिनेत्र गणेश भगवान की महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे दशहरा मैदान में फोटोग्राफी प्रदर्शनी एवं लाइव आर्ट कैंप, दोपहर 12 बजे में गणेशधाम/ अटल सेवा केंद्र खिलचीपुर में परम्परागत खेल कठपुतली-शो तथा सांय 5 बजे रामेश्वर घाट, खण्डार में दीपदान का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार, उत्सव के दूसरे दिन, 18 जनवरी को प्रातः 8 बजे लवकुश वाटिका चौथ का बरवाड़ा में नेचर वॉक, प्रातः 10 बजे पुलिस लाइन में फुटबॉल मैच, प्रातः 11 दशहरा मैदान में अमरूद महोत्सव का आयोजन होगा। इसी दिन दोपहर 2 बजे दशहरा मैदान में कन्हैया एवं पद दंगल तथा सांय 7 बजे दशहरा मैदान में राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

उन्होंने जिलेवासियों, किसानों एवं पर्यटकों से अपील की कि वे इन आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनकर सवाई माधोपुर की सांस्कृतिक, पर्यटन एवं कृषि पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में योगदान दें। इस अवसर पर सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने नमो वन बायोडावर्सिटी पार्क में प्रातः भ्रमण के दौरान आमजन से किया संवाद

## स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, प्रकृति से जुड़ने एवं पर्यटन स्थल को प्रमोट करने का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने अलवर प्रवास के दौरान प्रातः भ्रमण नमो वन बायोडावर्सिटी पार्क में किया, इस दौरान सैर पर आये लोगों से उन्होंने जिले के विकास पर संवाद किया। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री यादव ने भ्रमण कर रहे लोगों से संवाद के दौरान उन्होंने नव वर्ष की शुभकामनायें देकर अलवर की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि अलवर का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करते हुए अलवर जिले के आधारभूत ढांचे की मजबूती की दिशा में भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे से बड़ौदा में पनियाला 6 लाइन हाईवे को जोड़ा गया है, जिससे जिले में बेहतर रोड कनेक्टिविटी के साथ आमजन को समय की बचत होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग -921 के महवा- मंडावर- राजगढ़ क्षेत्र को पेव्ड शोल्डर के साथ फोर लेन बनाने हेतु 862.22 करोड रुपए की स्वीकृति जारी की गई है, इस परियोजना से महवा बाईपास के पास राष्ट्रीय राजमार्ग -921 के जंक्शन से कोठी नारायणपुर के पास राज्य राजमार्ग-25 तक कार्य होगा। उन्होंने बताया कि रोड कनेक्टिविटी के साथ-साथ जिले में रेलवे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं, जिसके तहत रेलवे स्टेशन के नए भवन निर्माण कार्य का जल्द शिलान्यास किया जाएगा। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने बताया कि जिले में खेल कल्चर को विकसित करने के लिए खेल सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष फोकस किया जा रहा है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर की अलवर टाइगर मैराथन का आयोजन 8 फरवरी 2026 को किया जाएगा। वहीं खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए गौरी देवी महाविद्यालय में बैडमिंटन कोर्ट बनाया जा रहा है तथा जिले एवं शाहजहांपुर में हॉकी खेल को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में राजीविका स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है, वहीं पशुपालकों संबल प्रदान करने के लिए सरस डेयरी को सुदृढ़ करने की दिशा में 350 करोड रुपए की लागत से डेयरी में 5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के नवीन दूध प्लांट का कार्य प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार कृषक कल्याण के लिए प्रतिबद्घ है, इसी दिशा में जिले में प्याज के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए एफपीओ के माध्यम से जॉइंट प्रोग्राम तैयार किया जा रहा है। अंत में उन्होंने कहा कि अलवर का सांसद होने के नाते आमजन की भावना के अनुरूप अलवर जिले को आगे बढाने के साथ-साथ विकास कार्यों को और गति देने काम किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जिले की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण भी किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता,घनश्याम गुर्जर, जितेंद्र राठौड़, महेश निहलवानी, निलेश खंडेलवाल,नरेश गोयल,प्रमोद विजय, मुकेश विजय, श्री प्रेम पटेल, देशराज खरेरा सहित प्रबुद्घ व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

## आज भी गाजर के हलवें के रूप में जीवांत हैं श्री मंगलराम सैनी जी की यादें




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सर्दी में गाजर का हलवा और गौंद के लड्ड़ओं का जिक्र हो और अलवर शहर के बुजुर्ग और अधेड़ उम्र के लोगों मंगलराम सैनी जी की यादें जहन में ना आएं ऐसा हो ही नहीं सकता। शहर के मेहताब सिंह का नौहरा स्थित मंगल हलवाई की दुकान पर सर्दी के सीजन पर गाजर पाक और गौंद के लड्डुओं का अनुपम स्वाद और पौष्टिकता किसी प्रमाण की जरूरत नहीं हैं। उनके पौत्र शंकर लाल सैनी अब स्वर्ग रोड़ पर अपने नए प्रतिष्ठान पर शहर के लोगों को वहीं स्वाद और वहीं पौष्टिक्ता दे रहे हैं। मंगल मिष्ठान भण्ड़ार के संचालक शंकर लाल सैनी ने बताया कि स्व. श्री मंगलराम सैनी उनके दादाजी थे उनकी दी हुई विद्या से आज भी उनकी तीसरी पिढ़ी अलवर के लोगों को शुद्ध व सात्विक मिष्ठान भेंट कर रही है। हालांकि समय के साथ लोगों का खानपीन बदला है लेकिन हमारे बुजुर्गो द्वारा जिस तरीके से शुद्ध गाजर का हलवा और गोंद के लड्ड़ओं सहित अन्य मिष्ठान खिलाए गए उसी का आर्शिवाद है कि आज भी दूर दराज से ढूंढते हुए लोग यहां पहुँचतें हैं। हालांकि समय का बदलाव है लेकिन मीठे के रूप में सर्दियों में लोगों की पहली पंसद मंगल का गाजर का हलवा आज भी लोगों के मुँह पर रखा रहता है। बकौल शहरवासी आज भी गाजर के हलवें के रूप में जीवांत हैं श्री मंगलराम सैनी की यादें जुड़ी हुई हैं।

## 'जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन समारोह'

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन समारोह 4 जनवरी रविवार 2026 को 'मुख्य अतिथि. माननीय संजय शर्मा ' 'राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभार' वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान सरकार के कर.कमलौं द्वारा किया जाएगा। केंद्र सरकार के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा अलवर जिले के दिव्यांगों के लिए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की शुरुआत राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में की जा चुकी है । जिससे जिले भर के दिव्यांगों को सभी सुविधाएं प्राप्त हों रही है। डीडीआरसी अलवर के मैनेजमेंट ऑफिसर आर एस वर्मा ने बताया कि राजीव गांधी चिकित्सालय के परिसर में अ_I मंदिर के सामने, (जो पूर्व में कोरोना ओपीडी वार्ड था) में लगभग 1500 वर्ग फीट में संचालित इस केंद्र में दिव्यांगों को फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपीए बिहेवियर थेरेपी, एबी, जैसी उच्च चिकित्सीय सुविधाएं दी जा रही है। कार्यान्विन एजेंसी मंथन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ0 पीयूष गोस्वामी ने बताया कि जिले में सेरिब्रल पाल्सीएऑटिज़्मए बौद्धिक अक्षमताए श्रवण एवं वाक बाधित दिव्यांगता के हजारों मामले है। जागरूकता एवं सुविधाओं के अभाव में ऐसे दिव्यांगों का चिन्हीकरण एवं उन्हें थेरेपी की सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। जिससे उनको समाज की मुख्य धारा से जुडऩे में बाधा आती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों के हित में अलवर जिले में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित किया गया है। जिसमें विभिन्न विशेषज्ञों जैसे साइकोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, स्पीच थेरापिस्ट, ऑर्थोटिस्ट एवं प्रोस्थेटिस्ट, विशेष शिक्षकों द्वारा दिव्यांगों का चिन्हीकरणए असेसमेंटए काउंसलिंग एवं थेरेपीज उपलब्ध करवाई जाएगी । साथ ही एडिप योजना के अंतर्गत डॉक्टर की जांच के बाद आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण का चयन कर वितरण किया जाएगा।

## आदिवासी मीना महिला विकास संघ जिला अलवर का नववर्ष मिलन समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** सकट कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित ओम्कारेश्वर महादेव मंदिर पर शनिवार को आदिवासी मीना महिला विकास संघ जिला अलवर की कार्यकारिणी का नववर्ष मिलन समारोह एवं संघ कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे तक एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया जायेगा ये जानकारी आदीवासी महिला विकास संघ अलवर की जिला महासचिव मिथलेश मीना ने दी।

## समाजसेवी सीताराम रावत के जन्मदिन पर लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र के गाँव माजरा रावत में समाजसेवी सीताराम रावत का जन्मदिन जनकल्याण के रूप में मनाया गया। रावत के जन्मदिन के अवसर पर के समाजसेवी सीताराम रावत ने बंजारा आश्रम में एक पानी की टंकी औऱ पाईप का लाईन दान की। वहीं गुर्जर छात्रावास ,हनुमान मंदिर ढाका वाली बगीची में पेड़ लगाए गए। बाबा गिरधरी दास गौशाला बानसूर में गौ माताओं को गुड़ खिलाया गया औऱ गौमाताओं का आशीर्वाद लिया गया।इस मौके पर शीशराम रावत,कैलाश गुर्जर,अनिल गोवलिया विजय गुर्जर, सचिन चंदेला ,अजय राजपूत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## गिव अप अभियान के तहत 28 फरवरी तक अपात्र व्यक्ति हटवाएं नाम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गिव अप अभियान के तहत अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से 28 फरवरी 2026 तक अपना नाम हटवा सकते हैं। अपात्र व्यक्तियों से योजना के प्रारम्भ से प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से वसूली की जाएगी। जिला रसद अधिकारी श्री विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/ जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं।

## कृषि महाविद्यालय को माचाड़ी में ही रखने की मांग, कस्बा बंद कर रैली व धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़( अलवर)।** माचाड़ी कस्बे में स्वीकृत कृषि महाविद्यालय को यथावत माचाड़ी में ही रखने की मांग को लेकर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन हुआ। माचाड़ी संघर्ष समिति के बैनर तले कस्बे का बाजार पूर्णतया शांतिपूर्ण रूप से बंद रखा गया। इसके बाद ग्रामीणों ने जुलूस निकालकर अपनी नाराजगी जाहिर की और रैणी चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति से जुड़े पुर्व जिला पार्षद नवल योगी ने बताया कि वर्ष 2023 में माचाड़ी के लिए कृषि महाविद्यालय स्वीकृत किया गया था,लेकिन राजनीतिक कारणों से इसे माचाड़ी से हटाकर रैणी क्षेत्र के हातोज गांव में स्थानांतरित कर दिया गया। इस निर्णय से माचाड़ी सहित आस-पास के गांवों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि महाविद्यालय माचाड़ी क्षेत्र की लंबे समय से मांग रहा है और इसे स्थानांतरित करना क्षेत्र के विकास के साथ अन्याय है।

उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इस संबंध में मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने के कारण आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। शुक्रवार को मुख्य बाजार से रैली निकालते हुए ग्रामीण रैणी चौराहे पहुंचे, जहां धरना दिया गया। धरना स्थल पर भाजपा नेता बन्नाराम मीना पहुंचे और सात दिन में मांग पूरी कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि तय समय में मांग पूरी नहीं हुई तो वे स्वयं धरने में शामिल होंगे। इस आश्वासन के बाद धरना फिलहाल स्थगित कर दिया गया। आंदोलन में सैकड़ों ग्रामीणों की भागीदारी रही। ग्रामीणों ने माचाड़ी कस्बे को रैणी उपखंड से हटवा कर राजगढ़ उपखंड से जोडऩे की मांग भी की गई है।

## निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना

### निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना है यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नव वर्ष के शुभ अवसर पर हजारों श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए कहा कि नव वर्ष का प्रथम दिवस हमें संतों के वचनों को सुनने और उन्हें जीवन में अपनाने का अनमोल अवसर देता है।

इसी क्रम में नव वर्ष के उपलक्ष में निरंकारी सत्संग भवन अलवर के जिला संयोजक सोमनाथ जी ने अपार श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पुराने अनुभव से सीख लेकर मानवीय गुणो को अपनाकर और परमात्मा इस निराकार के ज्ञान को जीवन में उतारकर प्रेमए सेवा और समर्पण के साथ जीवन जीना चाहिए आगे उन्होंने कहा कि हम अपनी पुरानी कमियो को दूर करके अच्छाइयों को अपना कर एक सार्थक जीवन जीते चले जाएं। सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राज पिताजी के दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक वचनो को सतगुरु ने अपने उद्बोधन में कहा कि नव वर्ष के प्रथम दिन हम शुभकामनाएं देते हैं और नए संकल्प लेते हैं पर वास्तविक परिवर्तन तभी सार्थक होता है जब ये अपने अंतर आत्मा से आए संत आत्म मंथन द्वारा सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं और निरंकार को सर्वोपरि मानते हुए सेवाए सिमरनए सत्संग को जीवन में प्राथमिक देते हैं नव वर्ष तारीख परिवर्तन नहीं बल्कि प्रेमए मिठासए सौम्यताऔर समझ को अपनाने का अवसर है हर सांस में सुमिरन हो, हर क्षण में निरंकार का वास हो, यही नव वर्ष का सच्चा अर्थ और संदेश है।

## यातायात पुलिस की शानदार कार्रवाही, अवैध पार्किग में खड़े दुपहियां वाहनों को किया जप्त



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** यातयात पुलिस इन दिनों अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों की जप्ती और चालान की ताबड़तोड कार्रवाही कर रही है। जिला एसपी सुधीर चौधरी के निर्देश पर एमवी एक्ट की कार्रवाही के साथ साथ वाहनों के बेतरतीब खड़े करने और नो पर्किंग में वाहन खड़ा करने को लेकर वंडरमॉल के पास से दुपहियां वाहनों को टैक्टर की मदद से यातायात थानें लाया गया। ट्रेफिक पुलिस की इस शानदार कार्रवाही से वाहन मालिकों में हडकम्प मच गया। इधर यातायात थाना इंचार्ज संजय शर्मा ने कहा कि कार्रवाही लगातार जारी रहेगी। लोग अपनी जिम्मेदारी समझें और अपने वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा करें ताकि पुलिस की कार्रवाही से बचें।

## शिव मंदिर पार्क के रखरखाव एवं सुविधाओं की मरम्मत हेतु यूआईटी को ज्ञापन दिया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शांति कुंज वेलफेयर समितिए अलवर के अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने नगर विकास न्यास यूआईटी अलवर के सचिव महोदय को ज्ञापन लिखकर शिव मंदिर पार्कए मकान संख्या 109 के सामने स्थित पार्क के समुचित रखरखाव की मांग की गई। पत्र में बताया गया कि पार्क की वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। नियमित रखरखाव के अभाव में पार्क में लगे झूले व बैठने की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं पार्क में स्थापित ओपन जिम के उपकरण खराब अवस्था में हैं, जिससे नागरिकोंए बुजुर्गों एवं युवाओं को व्यायाम करने में कठिनाई हो रही है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके साथ ही बच्चों के झूले टूटे एवं जर्जर अवस्था में हैं, जिनका उपयोग असुरक्षित हो गया है। इससे बच्चों की खेल गतिविधियाँ बाधित हो रही हैं। ज्ञापन में टूटे झूलों को हटाकर नए एवं सुरक्षित झूले लगवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पार्क में लगी पानी की पाइपलाइन कई स्थानों से टूटी हुई हैए जिससे पानी का रिसाव हो रहा है तथा सफाई एवं पौधों की सिंचाई में परेशानी आ रही है। अतः पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत कराए जाने की आवश्यकता बताई गई। विवेक खंडेलवाल ने बताया कि पूर्व में भी नगर विकास न्यास से पार्क में झूले लगाने व जिम की मरम्मत के लिए कहा गया था। यह पार्क आसपास के निवासियों के लिए स्वास्थ्य, बच्चों के मनोरंजन एवं सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने यूआईटी प्रशासन से पार्क की नियमित सफाई, घास-पौधों की देखरेख, जिम उपकरणों की मरम्मत, टूटी पाइपलाइन की मरम्मत एवं नए झूले लगवाने की मांग की है।

**केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना**

# अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को हसन खां मेवात नगर स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 534 परिवादियों ने अपनी परिवेदनाएं दी तथा उनके साथ बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अलवर के चहुंमुखी विकास के उद्देश्य से साथ जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में भी फरियादी कभी भी परिवेदनाएं दे सकते हैं, जिन पर सकारात्मक रूप से कार्य होता है। जनसुनवाई में पेयजल, बिजली, सडक़, खेल मैदान, स्थानांतरण, पट्टे, पुलिस आदि की परिवेदनाएं प्रमुख रही, जिस पर केंद्रीय वन मंत्री श्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### ये रही मुख्य परिवेदनाएं

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव से एक प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर खाटूश्याम जी जाने वाले पदयात्रियों को एनएच-248 ए (नटनी के बारां से ढाईपेड़ी) के प्रगतिरत कार्य की वजह से पदयात्रा के दौरान असुविधा होने के संबंध में अवगत कराया, जिस पर उन्होंने दूरभाष से एनएचएआई पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि पदयात्रियों को असुविधा न हो इसके लिए इस क्षेत्र में रोड के दोनों साइड में मिट्टी डलवाने आदि का कार्य करें। इसी प्रकार जनसुनवाई में फरियादियों ने अलवर स्टेशन पर स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस एवं मालाखेड़ा रेलवे स्टेशन पर स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस, रानीखेत एक्सप्रेस, बाड़मेर सुपरफास्ट के ठहराव एवं चंबल एक्सप्रेस का विस्तार हनुमानगढ़ तक करने की मांग पर उन्होंने कहा कि रेल मंत्री के माध्यम से इस विषय पर सकारात्मक दिशा में कार्य कराया जाएगा।

### इन विकास कार्यों की घोषणा

जनसुनवाई के दौरान केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने स्थानीय निवासियों की मांग पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए शाहजहांपुर में 4 करोड रुपए की राशि से खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित कराने एवं सांसद निधि कोष से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान की चारदिवारी के निर्माण की घोषणा की तथा शाहजहांपुर से बर्डोद एमडीआर सडक निर्माण की मांग पर स्वीकृति दी।

## श्री दिगंबर जैन सरावगी समाज कल करेगा वरिष्ठों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** श्री दिगंबर जैन सरावगी समाज जिला सेवा समिति द्वारा आगामी रविवार को शहर के चौगान गेट स्थित आदिनाथ सभा भवन में दोपहर 12.30 बजे भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। संयोजक कैलाश चंद पाटनी और जिला मंत्री राजेंद्र छाबड़ा ने जानकारी दी कि इस समारोह में समाज के 75 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ महिला-पुरुषों का सम्मान किया जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि हमारे बुजुर्ग समाज की अनमोल धरोहर हैं और उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है।

## तीन दिवसीय निरामया प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर आज से

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** तीन दिवसीय निरामया प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर 3 से 5 जनवरी तक सनाढ्य भवन महावीर नगर प्रथम में प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। आयोजक प्रकाशचंद गुप्ता ने बताया कि शिविर में प्राकृतिक संसाधनों के द्वारा घुटने का दर्द, कमर दर्द, साइटिका तथा सर्वाइकल के दर्द का इलाज किया जाएगा। जिसके लिए निशुल्क पंजीकरण किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में डॉ. विनीत केटकर, डॉ. गीता वेलशेखर, डॉ. मधुमिता बरुआ, डॉ. कनुमाला राजगोपाल, डॉ. पूजा, डॉ. राधिका जैन इंदौर चिकित्सा एवं परामर्श करेंगे। शिविर में सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति, सेठ जानकीलाल पटेल जनकल्याण सेवा ट्रस्ट, आयरन मैन जिम, सत्यार्थ मुनि, आर्य समाज महावीर नगर प्रथम का भी सहयोग रहेगा।

## पैकिंग में उपभोक्ता ठगी पर रोक लगे, तय हों स्पष्ट मानक - अरविन्द सिसोदिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण को लेकर भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांतीय महामंत्री एवं राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रोत्साहन प्रत्याशी अरविन्द सिसोदिया ने पैकिंग और बिलिंग में हो रही अप्रत्यक्ष ठगी पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि बाजार में प्रचलित भ्रमपूर्ण पैकिंग के कारण उपभोक्ता अनजाने में कम मात्रा के बदले अधिक मूल्य चुका रहा है। सिसोदिया ने बताया कि 1 किलो और 1 लीटर जैसे मानकों के बावजूद 950, 900 या 850 ग्राम तथा 450 या 900 मिलीलीटर की पैकिंग आम हो गई है, जिससे उपभोक्ता गुमराह होता है। उन्होंने दूरसंचार कंपनियों द्वारा 28 दिन के माह के आधार पर बिलिंग को भी अनुचित बताया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकारों से मांग की कि 50, 100, 250, 500 ग्राम और 1 किलोग्राम जैसी मानक श्रेणियां अनिवार्य की जाएं। इससे उपभोक्ता हित सुरक्षित होंगे और ईमानदार व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

## स्वास्थ्य व साइबर जागरूकता को लेकर 4 जनवरी को निकलेगी साइकिल रैली

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा शहर पुलिस द्वारा आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं साइबर अपराधों से बचाव के उद्देश्य से रविवार, 4 जनवरी 2026 को प्रातः 7 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली का शुभारंभ पुलिस लाइन, कोटा शहर से होकर ग्लोब सर्किल, अग्रसेन चौराहा, लक्की बुर्ज, जैन दिवाकर, सेवन वंडर्स, बड़ तिराहा, जेडीबी कॉलेज होते हुए पुनः पुलिस लाइन पर संपन्न होगी। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम (आईपीएस) ने बताया कि रैली में कोटा शहर पुलिस, आरएसी द्वितीय बटालियन, पीएफसी साइकिल राइडर्स एवं आमजन भाग लेंगे। रैली के दौरान छाबडिय़ा साइकिल की ओर से पुलिस परिवार के 4 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को साइकिल भेंट की जाएगी। साथ ही भुवनेश बाल विद्यालय के उन छात्रों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने 23 से 25 दिसंबर 2025 तक आयोजित नव विधान -न्याय की नई पहचान प्रदर्शनी में साइबर जागरूकता का संदेश दिया था।

## इंस्टाग्राम पर विवादित पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** सोशल मीडिया पर विवादित और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडऩे वाली पोस्ट करने के मामले में कोटा शहर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कोटा शहर सुश्री तेजस्वनी गौतम ने बताया कि शहर पुलिस द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सएप, एक्स व स्नैपचैट सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी रखी जा रही है। दिनांक 1 जनवरी 2026 को फरियादी निवेदन शर्मा ने थाना कुन्हाड़ी में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि एक युवक ने इंस्टाग्राम पर विवादित स्टोरी अपलोड की है, जिससे साम्प्रदायिक तनाव फैलने की आशंका है। पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद पुलिस ने इंस्टाग्राम पर विवादित स्टोरी पोस्ट करने वाले अभियुक्त शाहरुख खान (21) पुत्र रईस मोहम्मद, निवासी बापू कॉलोनी, कुन्हाड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि भ्रामक सूचना या अफवाह मिलने पर तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

## मुख्य सचिव ने जिले के प्रगतिशील कृषकों के साथ की परिचर्चा

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** मुख्य सचिव वी श्रीनिवास द्वारा बुधवार को आरएआरआई दुर्गापुरा प्रक्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं प्रदेश के विभिन्न खण्डों से आए प्रगतिशील कृषकों के साथ विस्तृत परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में श्रीमती मंजु राजपाल, संयुक्त शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी, सुश्री चिन्मय गोपाल, कृषि आयुक्त महोदया तथा श्रीमती शुभम चौधरी, उद्यानिकी आयुक्त महोदया भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विभिन्न खण्डों से कुल 25 प्रगतिशील कृषकों ने सहभागिता की। भीलवाड़ा खण्ड से इन्द्र कुमार संचेती, अतिरिक्त निदेशक कृषि के साथ चित्तौडग़ढ़ जिले से बीजीय मसाला उत्पादन से संबंधित प्रगतिशील कृषक गोपाल लाल जाट, निवासी सुजाखेड़ा तथा सीताफल प्रोसेसिंग से संबंधित कृषक श्री धर्मेन्द्र धाकड़, निवासी कनेरा ने परिचर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# जिला कलक्टर का रावतभाटा दौरा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान



चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शुक्रवार को रावतभाटा का दौरा कर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित कार्यों में विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया तथा मुख्यमंत्री जन आवास योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सार्वजनिक निर्माण विभाग को शहर में बजट घोषणा के अंतर्गत स्वीकृत सडक़ों के कार्यों के शीघ्र कार्यादेश जारी करने के निर्देश भी प्रदान किए गए। नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या को लेकर जिला कलक्टर ने बीएसएनएल के अधिकारियों से तत्काल चर्चा की। साथ ही क्षेत्र में सुचारू कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस उपाधीक्षक से आवश्यक विचार-विमर्श किया। इसके पश्चात सीएसआर के तहत रावतभाटा शहर में संचालित अमृत पेयजल योजना का निरीक्षण किया।

दौरे के दौरान जिला कलक्टर ने न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत संचालित उड़ान केंद्र का अवलोकन किया, जहां महिला सशक्तिकरण (स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से) एवं पर्यावरण संरक्षण (प्लास्टिक मुक्त रावतभाटा अभियान) के तहत संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर वे विशेष योग्यजन बच्चों के साथ आयोजित कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। जिला कलक्टर ने निर्माणाधीन रावतभाटा उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र में महिलाओं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य मानकों में सुधार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वयोवंदन कार्ड पंजीयन के लक्ष्यों को शीघ्र अर्जित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर रावतभाटा विनोद मल्होत्रा, उपखंड अधिकारी तहसीलदार एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

## अवैध धर्मान्तरण का आरोप सदर थाने में मामला दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** चित्तौड़ रोड स्थित बड़ा पावर हाउस के सामने संचालित एक चर्च से जुड़े लोगों पर धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन देने का आरोप लगा है। इस संबंध में पुलिस थाना सदर में एक युवक की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। बंजरग कॉलोनी निवासी अक्षय बैरवा (23) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि चित्तौड़ रोड स्थित सेंट पॉल्स बिलीवर्स एस्पर्न चर्च से जुड़े व्यक्ति उनके पास आए और ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिकायत के अनुसार धर्म परिवर्तन करने पर रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि मोहल्ले में कंबल, मच्छरदानी जैसी वस्तुओं का वितरण किया जाता है, जिससे लोगों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर बीएनएस 2023 की धारा 299 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## हाड़ौती का सफेद सोना कहे जाने वाले लहसुन के दामों में भारी उछाल

बढ़ता राजस्थान



कोटा (विनोद गौड़)। कोटा-एशिया की प्रसिद्ध भामाशाह मंडी में इन दिनों हाड़ौती का सफेद सोना कहे जाने वाले लहसुन के दामों में भारी उछाल होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। कोटा में इन दिनों लहसुन के दाम भी 4000 क्विंटल से बढक़र 14000 प्रति क्विंटल तक पहुंच गया है। लहसुन के दामों में बढ़ोतरी होने के चलते हाड़ौती के किसानों के चेहरे खिले हुए हैं।

**विशेष स्वाद और तीखापन मांग का कारण**

कोटा और हाड़ौती का लहसुन अन्य स्थानों की अपेक्षा अधिक तीखा और खुशबु के कारण विशेष पहचान रखता है। पूरे दक्षिण भारत सहित बांग्लादेश,जापान, ऑस्ट्रेलिया व अफगानिस्तान सहित, मुस्लिम देशों मे विशेष मांग रखता है।

**अधिक हो सकते हैं भाव**

कोटा के टाकरवाडा गाव के काश्तगार जितेंद्र मालव ने बताया की लहसुन का भाव बढऩे से किसानों को फायदा हुआ है । लेकिन समग्र किसानों का इसका फायदा नहीं मिल पाया । वही किसान अरविंद प्रजापत बताते है कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह में भाव में तेजी देखी गई है,जिससे कि पहले ही माल बेच चुके किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पाया इसी के चलते अब किसानों बीज तो महंगा मिलेगा, ही और आने वाले साल में लहसुन का रकबा भी कम हो सकता है। जिससे अगले साल पैदावार कम होने से भाव में और तेजी देखी जा सकती है।

## श्रीराम केमिकल श्रमिक संघ का 54वां विजय दिवस समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा स्थित श्रीराम केमिकल श्रमिक संघ द्वारा 54वां विजय दिवस एवं नववर्ष मिलन समारोह यूनियन कार्यालय ब्रजगोपाल श्रम भवन, कंसुआ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रमिक प्रणेता स्व. ब्रजगोपाल सेन एवं श्रमिक नेता स्व. अर्जुन देव चड्ढा को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।

संघ अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने श्रमिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की औद्योगिक पहचान के साथ-साथ यूनियन ने भी पिछले 58 वर्षों में मजबूत श्रम संगठन की पहचान बनाई है।

महामंत्री चंद्रगोपाल सेन ने कहा कि श्रमिक एवं प्रबंधन गाड़ी के दो पहिए हैं, जिनके समन्वय से ही संस्थान की सफलता संभव है। उपाध्यक्ष विमल माथुर ने सुरक्षा मापदंडों के पालन पर जोर दिया। मीडिया प्रभारी मुकेश चड्ढा ने वार्षिक गतिविधियों का विवरण देते हुए त्रिपक्षीय वेतन समझौते को ऐतिहासिक बताया। समारोह में वरिष्ठ नेताओं व प्रतिनिधियों ने भी विचार व्यक्त किए।

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक राजस्थान प्रदेश की कार्य समित की 187 वी बैठक

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** 03 जनवरी 2026 को प्रदेश इंटक अध्यक्ष जगदीराज जी श्रीमाली की अध्यक्षता में होगी व 04 जनवरी 2026 को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के विशेष आथित्य में राजस्थान इंटक का 24 वा महाधिवेशन ब्यावर की होटल राजमहल पैलेस में होगा। ठेका इंटक अध्यक्ष डी पी सिंह ने बताया की प्रदेश इंटक के अधिवेशन में राजस्थान के 2000 डेलीगेट भाग लेंगे। 3 जनवरी की कार्य समिति की बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में की कार्रवाई पर अनुमोदन नए संगठनों को संबद्धता देना, केंद्र व राज्य की लेवी जमा करना राजस्थान में कार्यरत श्रम संगठनों का वर्ष 2024-25 की रिटर्न ऑनलाइन करना, नए संगठनों को बनाकर सदस्यता बढ़ाना, श्रमिक न्यूज पेपर इंडियन वर्कर की सदस्यता बढ़ाना, राजस्थान में कार्य श्रम संगठनों उद्योगों में कार्यरत संगठनों द्वारा प्रस्तुत मांगों का एजेंडा बनाकर राज्य सरकार को भिजवाना। रावतभाटाकी भारत सरकार की इकाइयों में कार्यरत ठेका कर्मियों का ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे आर्थिक शोषण पर रोक लगवाने और इन इकाइयों में जेम पोर्टल से टेंडर भरवाने की प्रथा पर रोक लगवा कर पूर्व की तरह टेंडर करवाने की मांग रखी जाएगी।

## रामगंजमंडी कृषि उपज मंडी में धनिया के बाद धान की एंट्री

## रामगंजमंडी मंडी में पहली बार 500 बोरी की आवक

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** धनिया के लिए देशभर में प्रसिद्ध रामगंजमंडी कृषि उपज मंडी में नव वर्ष के दूसरे दिन व्यापार के क्षेत्र में एक नया इतिहास जुड़ गया। पहली बार मंडी में धान (गल्डा) की आवक हुई, जिससे व्यापारियों में उत्साह और खुशी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के गांव भक्तखेड़ी से लगभग 500 बोरी गल्डा (धान) बिक्री हेतु रामगंजमंडी पहुंची। यह धान अंबे ट्रेडिंग कंपनी की आढ़त में आया। नीलामी के दौरान श्री सत्यनारायण ट्रेडिंग कंपनी ने 3481 रुपए प्रति क्विंटल एवं गोपाल ट्रेडर्स ने 3471 रुपए प्रति क्विंटल की बोली लगाकर धान खरीदा, जबकि औसत भाव लगभग 3476 रुपए प्रति क्विंटल रहा। इस अवसर पर ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश धाकड़, उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल एवं सचिव योगेश दलाल ने संयुक्त रूप से बताया कि रामगंजमंडी कृषि उपज मंडी में पहली बार धान की आवक होना मंडी के लिए एक ऐतिहासिक और सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में भी इसी प्रकार धान की आवक बनी रहती है तो रामगंजमंडी में व्यापार के नए अवसर खुलेंगे और मंडी एक नए आयाम को छुएगी। उन्होंने बताया कि गल्डा (धान) की सर्वाधिक आवक कोटा कृषि उपज मंडी में होती है, जहां प्रतिदिन करीब 1 से 1.25 लाख बोरी धान की आवक रहती है। गल्डा धान का उपयोग 15 से 20 प्रकार के चावल उत्पादों में किया जाता है। इसकी पैदावार मुख्य रूप से हरियाणा और पंजाब राज्यों में होती है तथा इसका निर्यात भी किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक रामगंजमंडी के व्यापारी धान की खरीद कोटा मंडी से करते थे, लेकिन पहली बार स्थानीय मंडी में ही गल्डा धान की आवक होने से व्यापारियों का रुझान अब रामगंजमंडी की ओर बढ़ रहा है, जो आने वाले समय के लिए शुभ और सकारात्मक संकेत है।

**रामकथा में श्रीराम अवतार व राजकुमारों के जन्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन**

# राजा दशरथ की व्यथा से श्रीराम अवतार तक, कथा पंडाल भावविभोर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** राधा रानी पार्क, रंगबाड़ी योजना सेक्टर-4 में आयोजित श्रीरामकथा के चौथे दिन कथा पंडाल में श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे मनोयोग से रामकथा का रसपान किया।

श्रीकामखेड़ा बालाजी महाराज के पुजारी आचार्य तुलसीराम शर्मा ने कथा की भावपूर्ण विवेचना करते हुए भगवान श्रीराम के अवतार प्रसंग, राजा दशरथ की व्यथा तथा चारों राजकुमारों के जन्म का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि संतान सुख के अभाव में व्यथित राजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से पुत्रकामेष्ठि यज्ञ कराया, जिसके फलस्वरूप माता कौशल्या से श्रीराम, माता कैकेयी से भरत तथा माता सुमित्रा से लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इस प्रसंग के दौरान पंडाल 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा।

कथा में गुरु वशिष्ठ द्वारा चारों राजकुमारों के संस्कार, शिक्षा और मर्यादित जीवन मूल्यों का भी सुंदर चित्रण किया गया। आचार्य तुलसीराम ने कहा कि मर्यादा, करुणा, सत्य और सेवा श्रीराम के जीवन के मूल स्तंभ हैं, जिन्हें अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कथा में भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। मंच संचालन करते हुए कृष्णार्धी राकेश विजयवर्गीय ने कहा कि श्रीरामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को मर्यादा, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाली अमूल्य धरोहर है। उन्होंने श्रद्धालुओं से श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। राकेश विजयवर्गीय ने बताया कि श्रीरामकथा का आयोजन 7 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक राधा रानी पार्क, रंगबाड़ी योजना, कोटा में किया जा रहा है।

## एससी विभाग के अध्यक्ष मुकेश जाटव ने नव वर्ष की दी प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश को बधाई



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** 2026 नव वर्ष के आगमन के अवसर पर भरतपुर जिला कांग्रेस कमेटी (एससी विभाग) के अध्यक्ष पार्षद मुकेश कुमार के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान में ऐसी विभाग की प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश से मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी व आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में भारी बहुमत से विजई होकर पुन: राजस्थान सरकार के मंत्रिमंडल में मंत्री बन कर सुशोभित करने के साथ एस सी समुदाय के उत्थान के लिए कार्य करेंगी शिष्टमंडल में कांग्रेस एस सी विभाग के डीग जिला अध्यक्ष श्रीराम जाटव एससी विभाग भरतपुर के उपाध्यक्ष इंजीनियर विजय सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## शहर के महाराज बाग सर्किल पर अचेत अवस्था में मिला मजदूर युवक

### पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के महाराज बाग सर्किल पर गुरुवार की रात एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामान्य अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृत व्यक्ति की पहचान शहर के मलक पाड़ा निवासी अनीश पुत्र शरीफ खान के रूप में हुई है। परिजनों के आने पर शव को मोर्चरी रखवाया है। जहां शुक्रवार की सुबह परिजनों की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक युवक शराब का आदी बताया गया है। कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 8 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति अचेत अवस्था में महाराज बाग सर्किल पर पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर खुद एसएचओ शर्मा पुलिस जाप्ते के साथ पहुंचे और लोगो के सहयोग से अचेत व्यक्ति को सीधे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक की पहचान मलक पाड़ा निवासी 32 वर्षीय अनीश पुत्र शरीफ खान के रूप में हुई। मृतक व्यक्ति के परिजनों के आने पर पता लगा कि वह मूलत: आगरा के नोनेरा जाट गांव का निवासी था। जिसकी शादी शहर के मलक पाड़ा निवासी मुन्नी खां की बेटी के साथ हुई थी। ऐसे में वह पिछले 10 वर्ष से बाड़ी में रह रहा था। मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी रखवाया है। आज परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया जाएगा। अस्पताल में सूचना पर पहुंची मुन्नी देवी ने बताया की अनीश उनका दामाद था। पिछले 10 वर्ष से वह बाड़ी में रह रहा था। उसके दो छोटे बच्चे हैं। वह होटलो पर मजदूरी का काम करता था। शराब का आदी होने के चलते वह घर पर कम रुकता था। शुक्रवार को मृतक के आगरा से परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।

## वंचित मतदाताओं के नाम जोड़ने का अभियानः एसडीएम, तहसीलदार, ईओ और सीबीईओ कार्यालय में लगाए काउंटर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के तहत मैपिंग से वंचित मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए दस्तावेज जमा करने का काम किया जा रहा है। शहर में चार प्रमुख स्थानों पर यह सुनवाई और सत्यापन कार्य हो रहा है। नगर पालिका में शहर के 45 वार्डों से जुड़े वंचित मतदाताओं के लिए अधिशासी अधिकारी अमिताभमीणा सुनवाई कर रहे हैं। वहीं, एसडीएम कार्यालय में स्वयं उपखंड अधिकारी और तहसील कार्यालय में तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा को ग्रामीण क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही शहर के सीबीईओ कार्यालय में भी काउंटर लगाया गया है। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा जारी एसआईआर (संक्षिप्त पुनरीक्षण) के दूसरे चरण का काम 26 दिसंबर से चल रहा है। इस दौरान मैपिंग से वंचित मतदाताओं को बीएलओ द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र में कुल 2074 मतदाता मैपिंग से वंचित रहे थे। नगर पालिका ईओ अमिताभ मीणा ने जानकारी दी कि पिछले तीन दिनों से दस्तावेज सत्यापन का काम जारी है। शहरी क्षेत्र में 664 मतदाताओं को नोटिस दिए गए थे, जिनमें से 260 मतदाताओं के दस्तावेज अब तक जमा किए जा चुके हैं। तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि पिछले तीन दिनों में बाड़ी–सैपऊ क्षेत्र के लगभग 300मतदाताओं के दस्तावेज जमा किए गए हैं। वहीं, बसेड़ी क्षेत्र के 100 से अधिक मतदाताओं ने भी अपने दस्तावेज जमा कराए हैं। दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 5 जनवरी रखी गई है।

# पर्यटन विभाग : किशोरी महल, सफेद महल और पदम हवेली से लेकर मचकुंड तक बड़े प्रोजेक्ट

## चार करोड़ से तैयार हो रहा डीग का म्यूजियम




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर जिले की सांस्कृतिक और इतिहास आने वाले समय में पर्यटकों को और भी ज्यादा करीब से देखने को मिलेगा। सदियों की विरासत समेटे वैर किला, अजेय लोहागढ़ में किशोरी महल, शाही ठाठ–बाठ के लिए प्रसिद्ध डीग और धार्मिक आस्था का केंद्र धौलपुर के मचकुंड चारों ही अब पर्यटन के नए अध्याय की ओर बढ़ रहे हैं।

सरकार और पर्यटन विभाग की योजनाएं इन धरोहरों को सिर्फ संवार नहीं रहीं, बल्कि उन्हें जीवंत अनुभव में बदलने की तैयारी कर रही हैं। वैर के ऐतिहासिक किले में स्थित सफेद महल जल्द ही नए रंग–रूप में नजर आएगा। 4 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से चल रहा सौंदर्यीकरण कार्य महल की वास्तुकला को उसकी मूल पहचान के साथ संजोने का प्रयास है। वहीं, भरतपुर राजकीय संग्रहालय के पीछे विरान पड़ा हुआ किले में स्थित पदम हवेली में ढाई करोड़ रुपए से सौंदर्यीकरण का काम होगा,जिसका तकमीना भी तैयार कर लिया गया है। आने वाले समय दोनों ही जगह सौंदर्यीकरण का काम कराया जा रहा है। वहीं, धौलपुर का मचकुंड, जहां आस्था और इतिहास साथ–साथ बहते हैं, अब पर्यटन विकास की नई दिशा में कदम रख रहा है। कुंड परिसर के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार से यह स्थल न केवल श्रद्धालुओं बल्कि देश–विदेश के सैलानियों को भी आकर्षित करेगा। पिछले 3 साल से मचकुंड में 7 से 8 करोड़ रुपए की लागत से काम चल रहा है। जहां शांत वातावरण और पौराणिक कथाओं से जुड़ा मचकुंड एक खास अनुभव देने को तैयार है। संग्रहालय अधीक्षक राजन कुमार ने बताया कि वैर किले के अंदर सफेद महल का काम वर्ष 2028 तक पूरा होगा। डीग महल के म्यूजियम मार्च तक तैयार हो जाएगा। मचकुंड में भी काम चल ही रहा है और पदम हवेली के लिए वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। डीग महल में 4 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा म्यूजियम 2026 तक तैयार होगा, जो ब्रज क्षेत्र की संस्कृति, इतिहास और विरासत को एक छत के नीचे समेटेगा। डीग के महलों और बागों की शान के बीच यह म्यूजियम पर्यटकों को अतीत की यात्रा पर ले जाएगा। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होते ही वैर–डीग–धौलपुर एक नए टूरिज्म सर्किट के रूप में उभरेगा। इसका असर सिर्फ पर्यटन तक सीमित नहीं रहेगा—स्थानीय युवाओं को रोजगार, कारीगरों को पहचान और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। नए साल में यह इलाका सिर्फ घूमने की जगह नहीं, बल्कि इतिहास को महसूस करने का अनुभव बन जाएगा। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अधीक्षक सोहन चौधरी ने बताया कि ऐतिहासिक किशोरी महल में मरम्मत कार्य के दौरान एक अंडरग्राउंड रास्ता मिला है,जिसकी मरम्मत करा पर्यटकों के लिए रास्ता खोला जाएगा।

# शहर के बाजार की सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण को लेकर पालिका एक्शन मोड़ पर

### प्रशासक की नियुक्ति के बाद मार्केट में 400 दुकानदारों के खिलाफ नोटिस जारी

### एक सप्ताह में नहीं हुआ सुधार तो की जाएगी कार्यवाही, डस्टबिन रखना हुआ अनिवार्य



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** प्रशासक की नियुक्ति के बाद बाड़ी नगर पालिका एक्शन मोड पर नजर आ रही है। सोमवार को अध्यक्ष सहित नगर पालिका बोर्ड का कार्यकाल पूरा होने पर प्रशासक के रूप में उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने पदभार संभाला है साथ में नगर पालिका के ईओ अभिताभ मीना लगातार शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने में जुटे हुए हैं। ऐसे में शुक्रवार से शहर के बाजार की तरफ रुख करते हुए नगर पालिका के आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी 400 से अधिक नोटिस शहर के दुकानदारों, ठेल–ढकेल वालों, सब्जी फल विक्रेताओं, बिग मार्केट, माल एवं अन्य प्रतिष्ठानों को देने में जुटे हुए हैं। जिसमें दुकानों के सामने किये गए स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण के साथ शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं,सात दिन में सुधार नहीं होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अमिताभ मीणा ने बताया कि शहर में चारों तरफ अतिक्रमण की भरमार है। बाजार में से बड़े वाहनों का निकलना मुश्किल है साथ में दुकानदार सीधे कचरे को सड़क पर फेंकते हैं। जिससे गंदगी लगातार बढ़ रही है। उक्त समस्या को लेकर नागरिकों द्वारा भी कई बार शिकायत की गई है। ऐसे में एसडीएम भगवत शरण त्यागी के निर्देश पर आज से शहर में सभी मार्केट में दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नोटिस दिए जा रहे हैं। सभी को एक सप्ताह का समय दिया गया है। जिसमें दुकानों के बाहर स्थाई, अस्थाई को खुद हटाने और दुकान के बाहर किसी भी प्रकार का कचरा नहीं फैलाने के लिए पाबंद किया है। इसके अलावा प्रत्येक दुकानदार, सब्जी, फल विक्रेता, ठेल–ढकेल वाले, निजी मार्केट सभी को डस्टबिन रखना अनिवार्य है। जिसमें ही वह अपने दुकान या प्रतिष्ठान के कचरे को एकत्रित करेंगे। उक्त नोटिस पर यदि दुकानदार और अन्य प्रतिष्ठान संचालक ध्यान नहीं देते हैं और नगर पालिका के कार्य में सहयोग नहीं किया जाता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर ठगी करते हुए तीन साइबर ठग गिरफ्तार

### डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने एस पी ओमप्रकाश मीणा द्वारा साईबर ठगो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत साईबर ठगी करते हुये 3 युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 एंड्राइड मोबाइल फोन जप्त किए है। खोह थाना प्रभारी शिव लहरी मीणा के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर ए एस आई नाहर सिंह ने मय जाप्ता के गांव हयातपुर से भौडाकी जाने वाले कच्चे रास्ते पर दबिश देकर गफ्फार पुत्र इकबाल मेव निवासी डिगचौली थाना खोह जिला डीग, तारिफ पुत्र सुकेदा मेव निवासी हिंगोटा थाना खोह जिला डीग साहिल पुत्र रशीद मेव उम्र 19 साल निवासी कावानकावास थाना खोह जिला डीग को साइबर ठगी करते हुए गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन एंड्राइड मोबाइल फोन जप्त किए हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से ठगी के बारे में पूछताछ की गई तो गफ्फार ने बताया कि मैं फेस बुक पर ऑन लाईन साडी बेचने के नाम पर साड़ी बेचने का एड डालकर लोगों से ठभी करता हूं। व तारिफ ने बताया कि मैं फेस बुक पर ऑन लाईन स्कूटी बेचने का एड डालकर लोगों से ठगी करता हूं। तीसरे आरोपी साहिल ने बताया कि में रिपिडो एप रिपिडो बुक कर पैसे भेजने का कैक मैसेज भेजकर लोगों से ठगी करता हूं।

## चार सड़कों के निर्माण के बाद भरतपुर डीग के विकास में लगेंगे पंख - गुप्ता

### सड़कों से भरतपुर के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक व व्यापारिक क्षेत्रों में आयेगा परिवर्तन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने राज्य के मुख्यमंत्री से मांग की है कि सरकार भरतपुर के तीव्र विकास के लिए चार सड़कों का निर्माण कराना आवश्यक है। इन सड़कों के निर्माण से भरतपुर के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, पर्यटन व व्यापारिक क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन आयेगा। गुप्ता ने पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मथुरा से बरेली तक की तो फोरलेन सड़क बनवा दी है यदि राजस्थान सरकार भरतपुर–मथुरा सड़क को फोरलेन बनवा देती है तो भरतपुर–ब्यावर फोरलेन सड़क बनने के बाद बरेली से सीधा ब्यावर आने–जाने का सुगम मार्ग बन जायेगा। साथ ही मथुरा भरतपुर फोरलेन सड़क निर्माण के बाद भरतपुर से जेवर (नवनिर्मित होने वाले हवाई अड्डे) की दूरी मात्र डेढ़ घंटा और भरतपुर से नोयडा की दूरी दो घंटे की रह जायेगी। इसी प्रकार भरतपुर से बहरोड़ फोरलेन बनवाया जाना जरूरी है। वैसे भरतपुर–अलवर फोरलेन की डीपीआर बनाई जा चुकी है। केवल अलवर से बहरोड़ तक फोरलेन सड़क बनाई जानी है ! इस सड़क के निर्माण से किशनगढ़ हाईवे से यह सड़क जुड़ जायेगी। जिसका परिणाम यह होगा कि शेखावाटी के प्रख्यात धर्मस्थल खाटू श्यामजी व सालासर बालाजी ब्रजवासियों से जुड़ जायेंगे। जिससे धार्मिक एवं विरासत पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। निदेशक ने डीग–पहाड़ी से ग्रीन एक्सप्रेस–वे तक फोरलेन सड़क बनवाने की मांग की है। इसके बनने से डीग–दिल्ली की दूरी मात्र डेढ़ घंटे की रह जायेगी। जिससे व्यापारिक, शैक्षिक क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन आयेगा।

## सड़क सुरक्षा अभियान 31 जनवरी तक होगा जिले में संचालित

### सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये होंगी विभिन्न गतिविधियां



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 सड़क सुरक्षा अभियान जिले में 1 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक संचालित होगा। इस दौरान जिले में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जायेंगी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सड़क सुरक्षा अभियान की सफलता के लिये विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिला कलक्टर के अनुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के लिये इस वर्ष की थीम 'सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन' के मद्देनजर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये विभिन्न गतिविधियां की जायेगी। इसके तहत जिला परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी और यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में कमी लाने के लिये अपेक्षित कार्यवाही की जायेगी। परिवर्तन एवं मॉनिटरिंग के साथ–साथ सड़क सुरक्षा मानकों के आधार पर गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के हाई रिस्क कोरिडोर्स पर शून्य मृत्यु दर के लिये उपाय किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हाइवे सड़क किनारे पर संचालित अवैध वाहन धुलाई सेंटरों को हटवाया जाना सुनिश्चित करें। वाहन चालकों की आंखों का परिक्षण किया जाए। जिले में संचालित बालवाहिनीयों की बैठक आयोजित कराई जाएं। कार्यशाला आयोजित कर माल वाहक वाहनों के चालकों एवं अन्य चालकों का प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करें। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि सड़कों पर साईन बोर्ड, सड़क चिन्हों तथा स्पीड ब्रेकर, आपातकालीन सेवाओं का उपयोग, सड़क डिजाईन और रखरखाव प्रोटोकॉल में सुरक्षा को प्राथमिकता व्यापक जन जागरूकता अभियान, सड़क सुरक्षा चैम्पियन और भले मददगार व्यक्तियों का सम्मान, पैदल यात्रियों, साईकिल सवारों तथा दुपहिया वाहन चालकों हेतु विशेष जागरूकता अभियान, रोड़ सेफ्टी हेतु प्रतियोगिता आयोजित करने सहित विभिन्न गतिविधियां की जायेगी। इसके लिये जिला परिवहन अधिकारी को नोडल और पीडब्ल्यूडी एसई व यातायात वृत्ताधिकारी को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जयपुर में दिखीं करोड़ों रुपए की 45 दुर्लभ पेंटिंग्स

**जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) की आर्ट गैलरी में अंतरराज्य विनिमय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। इसमें कला प्रेमियों को करोड़ों रुपए मूल्य की दुर्लभ पेंटिंग्स देखने का अवसर मिल रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी के सहयोग से आयोजित प्रदर्शनी में अकादमी के संग्रह से चयनित 45 महत्वपूर्ण और मौलिक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। यह कलेक्शन इतना दुर्लभ है कि इनमें से कई पेंटिंग्स के रचनाकारों में अभी केवल चार–पांच कलाकार ही जीवित हैं। प्रदर्शनी में प्रदर्शित कलाकृतियों का बाजार मूल्य करोड़ों रुपए में आंका गया है। इसी कारण इन अमूल्य रचनाओं की सुरक्षा को देखते हुए अकादमी द्वारा इनका विशेष रूप से इंश्योरेंस भी कराया गया है, ताकि किसी भी तरह की क्षति से इन्हें सुरक्षित रखा जा सके।

# राजीविका की महिलाओं की बढ़ेगी इनकम : सरकारी योजना के तहत दिए ट्रैक्टर और कृषि मशीन, किराये पर भी मिल सकेगी मशीनें



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर कलेक्ट्रेट में राजीविका के महिलाओं को 6 ट्रैक्टर दिए गए। सभी ट्रैक्टर को कलेक्टर कमर चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सभी ट्रैक्टर कस्टम हायर सेंटर परियोजना भारत सरकार के कृषि किसान कल्याण मंत्रालय की तरफ से दिए गए हैं। इसका उद्देश्य आधुनिक कृषि यंत्र किसानों को किराए पर उपलब्ध करवाना है।

### किसान किराये पर ले सकेंगे कृषि मशीन

कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि कस्टम हायर सेंटर योजना के अंतर्गत यह केंद्र और राज्य की जॉइंट योजना है। इसके अंतर्गत गांव–गांव में कस्टम हायर सेंटर खोले जाते हैं। इसका उद्देश्य है की किसानों को गांव के लेबल पर कस्टम हायर सेंटर पर किराए पर मशीन मिल सके। जिससे किसान ट्रैक्टर, रोटावेटर ले सके। इससे किसानों को आसानी रहती है। जिन किसानों के पास खुद का ट्रैक्टर नहीं वह किसान कस्टम हायर सेंटर से किराए पर ले सकता है।

### 6 सीएलएफ को दिए गए ट्रैक्टर

हर ट्रैक्टर के लिए 7 लाख की सब्सिडी और 3 लाख का इन्वेस्टमेंट है। 7 लाख की सब्सिडी सरकार ने एडवांस में दी थी। 6 सीएलएफ को पहले फेज में ट्रैक्टर दिए गए हैं। इसका उद्देश्य राजीविका की महिलाओं की इनकम बढ़ सके। क्योंकि यह ट्रैक्टर किराए पर दिए जा सकेंगे। साथ ही किसानों को मशीन आसानी से किराये पर मिल सके। आज उच्चैन, सेवर, कुम्हेर, भुसावर, बयाना, रूपवास सीएलएफ के लिए ट्रैक्टर दिए गए हैं।

### कृषि मशीनों का मालिकाना हक़ सीएलएफ का रहेगा

कस्टम हायर सेंटर परियोजना भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र किराए पर उपलब्ध करवाना है। यह योजना विशेष रूप से छोटे किसानों के लिए उपयोगी है। इस परियोजना में सरकार द्वारा 7 लाख की सब्सिडी दी जाती है और, कलस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा 3 लाख का निवेश किया जा रहा है। कृषि के मशीनों के लिए उसकी खरीद और मालिकाना हक़ पूरा सीएलएफ के पास रहेगा।

## जनसंख्या के आधार पर पंचायत समिति के वार्डो का गठन करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

### ज्यादा जनसंख्या वाली ग्राम पंचायत को एकल वार्ड और कम जनसंख्या वाली निकटतम दो पंचायतो का एक वार्ड गठित करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** पूर्व प्रधान यदुवीर सिंह कोरेर के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल को ज्ञापन देकर पंचायत समिति डीग के प्रस्तावित वार्डो का गठन में पंचायत समिति की कुल जनसंख्या 178687 के आनुपातिक आधार पर किये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पंचायत समिति डीग के प्रस्तावित वार्ड गठनों में सभी 27 वार्डों में मनमाने तरीके से बिना किसी जनसंख्या को ध्यान में रखते हुये गठन किया गया है। पंचायत समिति डीग की 46 ग्राम पंचायतों में से 8अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को एकल वार्ड में रखा जाना चाहिये। शेष कम जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में से 2 ग्राम पंचायतो पर एक वार्ड का गठन किया जाना चाहिये था। जबकि वार्ड गठन में ग्राम पंचायत बरौलीचौथ व गुहाना हमारी पंचायत समिति क्षेत्र की कम जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतो कि एकल वार्ड गठित किया गया है। हमारी मांग है कि अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायत कौरेर (4966) कासौट (4871) अऊ (5361) दांतलौठी (5373). जनूथर (6812), सिनसिनी (8376), पान्हौरी (5148) बहज (771 को वार्ड गठन के लिए एकल पंचायत की जाकर जावे। तथा शेष ग्राम पंचायतों में से 2--2 निकटतम ग्राम पंचायतों को शामिल कर वार्डो का गठन किया जावे। ज्ञापन देने वालो में लक्ष्मी नारायण कोरेर और रोहिताश फौजदार कासोंट शामिल थे।

## डांगी पटेल समाज की 13वीं खेलकूद प्रतियोगिता का कपासन क्षेत्र में हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** डांगी पटेल समाज द्वारा आयोजित 13वीं खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के ग्राम लांगच एवं कोदिया खेड़ी ग्राम स्थित खेल मैदान पर शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता आयोजक कमेटी के सदस्य देवीलाल डांगी ने बताया कि डांगी पटेल समाज की 13वीं खेलकूद प्रतियोगिता में कब्बड्डी 64 तथा वॉलीबॉल की 60 टीमों द्वारा भाग लिया जा रहा है।साथ ही बालिका वर्ग के कबड्डी मैच आयोजित होंगे।इस दौरान डांगी पटेल समाज के 7वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे समाज के गणमान्यजनों सहित युवा वर्ग द्वारा उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक ब्यावरा पुरूषोतम डांगी,मावली विधायक पुष्करलाल डांगी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन के निवर्तमान प्रधान भैरूलाल चौधरी,पूर्व डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट जगपुरा,ग्राम पंचायत लांगच सरपंच शांतिलाल डांगी,सरंक्षक रतन डांगी, जिला अध्यक्ष राजमल डांगी,राजू सेमलिया,खेलमंत्री मंगनीराम डांगी,विष्णु रतनपुर,शंकर पटेल उदयपुर, सचिव देवीलाल डांगी,जिला प्रवक्ता शोभालाल डांगी, जीनल सुखवाल लांगच,बालूराम चित्तौड़ीया सहित युवा एवं खिलाड़ी वर्ग उपस्थित रहे।


## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार एडीएम (शहर) प्रतिभा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीएम प्रतिभा ने बिजली विभाग, नगर परिषद, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी, चिकित्सा, उद्यानिकी सहित विभिन्न विभागों के संपर्क पोर्टल पर लंबित मामलों की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर किए गए निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी का आध्यात्मिक प्रवास



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने अपने आध्यात्मिक प्रवास के तहत मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में स्थित स्वामी सुखरामदास जी वैदिक गुरुकुल, खाचरोद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सनातन संस्कृति एवं श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित कार्यशाला में सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया और जीवन में संस्कार, नैतिकता व आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला में युवा संत श्री रामानुराग रामसनेही, गौवत्स लाल जी महाराज सहित बड़ी संख्या में सनातन अनुयायी उपस्थित रहे। विधायक कोठारी ने बच्चों को भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुडने, गीता के व्यवहारिक संदेशों को अपनाने और अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। आध्यात्मिक यात्रा के दौरान विधायक कोठारी ने गौ-सम्मान, सेवा एवं संरक्षण के विषय में परम पूज्य महाराज अवधेश चेतन दास जी से आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गौ-संरक्षण भारतीय संस्कृति की आत्मा है तथा इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने सरकार स्तर पर गौ-कल्याण के लिए बजटीय समाधान के संबंध में भी मार्गदर्शन मांगा। इसके पश्चात विधायक कोठारी ने मां नर्मदा के पावन तट पर ओंकारेश्वर में स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित संतजनों एवं अनुयायियों ने उनके सरल व्यक्तित्व और समाजहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उज्ज्वल जनसेवा की कामना की।

जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने बुलाई बैठक: फ्लैगशिप योजनाओं, पंचायतीराज चुनाव तैयारियों, स्वास्थ्य संतृप्त शिविर, एसआईआर व फार्मर रजिस्ट्री की हुई गहन समीक्षा

# आमजन को योजनाओं का समुचित लाभ मिले,फार्मर रजिस्ट्री में शत प्रतिशत कृषक लाभान्वित हों-कलक्टर

ढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने शुक्रवार को जिला स्तरीय बैठक लेकर फ्लैगशिप योजनाओं, पंचायतीराज चुनाव, एसआईआर-2026 तथा फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा की। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट बैठक कक्ष में उपस्थित रहे, जबकि समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। 2 से 17 जनवरी तक प्रशासन के अभियान 'किसान अधिकार पंजीकरण पखवाड़ा' के तहत प्रत्येक राजस्व ग्राम में आयोजित हो रहे शिविरों की भी समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्ट्रेक) को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि यह प्रशासन का मूल दायित्व है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे, इनपुट सब्सिडी सहित संबंधित कार्यों में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। सभी अधिकारी लक्ष्य के साथ कार्य करें, किसानों को प्रेरित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित न रहे। पटवारियों को किसानों से नियमित संवाद बनाए रखने और सहज व्यवहार रखने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के साथ-साथ स्वास्थ्य संतृप्त शिविर भी आयोजित किए जाएंगे, जहां चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन को मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने भारत सरकार के नवाचार ई-संजीवनी ओपीडी (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) की भी विस्तृत जानकारी दी और कहा कि आमजन में इसका प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि वे टेलीमेडिसिन से लाभान्वित हो सकें। एसआईआर-2026 की समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश एसआईआर-2026 की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने सभी लंबित नोटिसों की तामील शीघ्र करवाने तथा समयबद्ध रूप से समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण करने के निर्देश सभी ईआरओ को दिए। कलक्टर ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने इंस्पेक्शन की रिपोर्ट भी सम्पर्क पोर्टल पर त्वरित गति से अपलोड करें।

### फ्लैगशिप योजनाओं से दिखे जमीनी स्तर पर प्रभाव

फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य केवल आंकड़ों में सुधार नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में वास्तविक परिवर्तन लाना है। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, स्वामित्व योजना, मिशन हरियालो राजस्थान, अटल प्रगति पथ एवं अटल ज्ञान केंद्र जैसे कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

# आर्यवीर दल का आठ दिवसीय पूर्ण आवासीय शिविर संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** निम्बाहेड़ा मे आर्यवीर दल व्यवस्था प्रमुख अरविंद कुमावत ने बताया की आर्य वीर दल द्वारा आदर्श कॉलोनी स्थित श्री दिगंबर आदिनाथ जैन मांगलिक भवन में आठ आवासीय शिविर का समापन समारोह पर भव्य प्रदर्शन का आयोजित हुआ जिसमे 30 स्थानों के 120 शिवरार्थियों ने भाग लिया ।इस शिविर की मुख्य विशेषताएं पूरे शिविर में सिंगल यूज प्लास्टिक का शून्य उपयोग शिविरार्थियों को चाय न देकर देशी गाय का दूध ही दिया गया । विद्यार्थियों ने 8 दिन तक मोबाइल का बिल्कुल उपयोग नहीं किया। समारोह के मुख्य अतिथि जेके सीमेंट यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के प्रतिनिधि भुवनेश एवं विशिष्ट अतिथि पारस अंजना, प्रसन्न जैन, बाबूलाल कावडिया, पूर्व नपा अध्यक्ष ममता शारदा, जगदीश राजोरा, सत्यनारायण साबू, उमेश तोतला, रामसहाय काबरा, छोटी सादड़ी आर्य समाज प्रधान लक्ष्मीनारायण चोहान, जगन्नाथ सोलंकी, समरथ आर्य,, डॉ पुष्पेंद्र उपाध्याय, रामविलास साहू, प्रभुलाल बैरवा, रतनलाल राजोरा, महिला आर्य समाज प्रधान शिखा शारदा आदि मंच पर उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन उदयपुर संभाग संचालक विशाल साबू एवं सह शिविर प्रभारी प्रवीण आर्य ने एवं आभार प्रदर्शन प्रकाश धाकड़ और शिविर संयोजक रविन्द्र साहू ने किया। आर्यवीरों द्वारा अभिभावकों और अतिथियों की उपस्थिति में परेड, लाठी, भाला ,डबल, लेजिम ,आसन, पिरामिड, सुदर्शन चक्र, भूमि नमस्कार, चंद्र नमस्कार तलवारबाजी आदि का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 35 आर्य वीरो को प्रमाण पत्र एवं पदक देखकर पुरस्कृत किया गया। लक्षिता माहेश्वरी को आर्य वीरांगना दल की नगर संयोजिका नियुक्त किया गया शिविर में शोभालाल साहू, राधेश्याम धाकड़, नवीन जाजपुर, मानसिंह सोलंकी, ईश्वरलाल नायक, हीरालाल सेन, रामनारायण मोरे, सुरेश सेन, डालचंद गायरी, लक्ष्मी नारायण कुमावत, बाबूलाल साहू, किशनलाल माली ने सक्रिय सहयोग किया ।

सामोर बाग पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# मेवाड़ की यह भूमि देश को सदैव ही गौरवान्वित करती रही है:राजनाथ सिंह

### विकास को लेकर हुई सार्थक चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को महाराणा मेवाड़ एवं नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ तथा राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ के निवास स्थान सामोर बाग (उदयपुर) पहुंचे। इस दौरान उनका आत्मीय स्वागत किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मेवाड़ की यह भूमि सदैव देश को गौरवान्वित करती रही है। वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति की परंपरा से ओतप्रोत मेवाड़ ने इतिहास के प्रत्येक कालखंड में भारत की अस्मिता और स्वाभिमान को सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि यहां की संस्कृति, मूल्य और बलिदान की भावना आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हुई है।बैठक में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं, विकास कार्यों की प्रगति तथा भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जनहित से जुड़े मुद्दों, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और क्षेत्र के समग्र विकास पर विचार-विमर्श किया गया। रक्षा मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से सुना और विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक आश्वासन दिया।

शीतलहर से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## बच्चों, बुजुर्गों, बीमार व गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सावधानी जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिले में जारी शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि ठंड के इस मौसम में थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों, पहले से बीमार व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को शीतलहर से बचाना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. गुर्जर ने कहा कि वर्तमान मौसम में सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार जैसे संक्रमण तेजी से फैलते हैं। ऐसे में नियमित रूप से गर्म कपड़े पहनना, शरीर को पूरी तरह ढककर रखना एवं अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए। कई बार दिन में हल्की धूप के कारण लोग गर्म कपड़े पहनना बंद कर देते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। जिले के समस्त चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर मौसमी बीमारियों की जांच, उपचार एवं आवश्यक दवाइयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही जिला, ब्लॉक एवं पीएचसी स्तर पर आयोजित बैठकों में चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ताओं को शीतलहर से बचाव संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

# साहित्यकार सनातन संस्कृति के उज्ज्वल पक्ष पर रचें साहित्य : विधायक कृपलानी

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** साहित्यकारों को सनातन धर्म और संस्कृति के उज्ज्वल पक्ष, विविधताओं में एकता तथा सामाजिक समरसता के भावों को केंद्र में रखते हुए साहित्य सृजन करना चाहिए, ताकि भारतीय समाज और राष्ट्र में सद्भाव एवं एकता को और सशक्त किया जा सके। यह विचार पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने साहित्यकार रतनलाल मेनारिया 'नीर' के उपन्यास काला सोना के विमोचन अवसर पर व्यक्त किए। विधायक कृपलानी ने कहा कि विगत 75 वर्षों में वामपंथी विचारधारा से जुड़े कई साहित्यकारों द्वारा सनातन संस्कृति और धर्म पर निरंतर प्रहार किए गए, जिससे युवा पीढ़ी को राष्ट्र और संस्कृति के प्रति भ्रमित किया गया। वर्तमान समय में आवश्यकता है कि राष्ट्रवादी साहित्यकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में सद्भाव, सामाजिक समरसता एवं समानता के आदर्शों को स्थापित करें। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज आदिकाल से ही सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की परंपरा का संवाहक रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने साहित्यकारों का स्वागत करते हुए आह्वान किया कि वे अपने साहित्य के माध्यम से भारत को परम वैभव तक पहुंचाने की भावना का प्रसार करें और देश को पुनः विश्वगुरु के पथ पर अग्रसर करें। कार्यक्रम में परिषद के चित्तौड़ प्रांत उपाध्यक्ष श्रीपाल सिसोदिया, विभाग संयोजक राजेश गांधी, भाजपा जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, निंबाहेड़ा इकाई अध्यक्ष एस.एन. जोशी, घनश्याम तोसावड़ा, बालमुकुंद प्रधान, देवीलाल मेनारिया, सत्यप्रकाश मेनारिया, मांगीलाल मेनारिया सहित अनेक शिक्षाविद् एवं साहित्यकार उपस्थित रहे।

मृतक संविदा कार्मिक के आश्रित को विभागीय कर्मचारीयों द्वारा एकत्र सहायता राशि सौंपी

# संयुक्त निदेशक डॉ प्रकाश चन्द्र शर्मा, सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने सौंपा सहायता राशि का चैक

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** रेलमगरा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एनएचएम के तहत कार्यरत संविदा कार्मिक डेटा एन्ट्री ऑपरेटर कमलेश कुमार स्वर्णकार की गत नवम्बर माह में आकस्मिक मृत्यु होने कारण सीएमएचओ कार्यालय, खंड रेलमगरा एवं खंड आमेट के अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों द्वारा आश्रितो के लिये एकत्र की गई सहयोग राशि 3 लाख 70 हजार रूपये का चैक मृतक आश्रित पत्नी को संयुक्त निदेशक जोन उदयपुर डॉ प्रकाश चन्द्र शर्मा, सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ महेन्द्र सिंह खंगारोत एवं बीसीएमओ रेलमगरा डॉ राजेन्द्र चैधरी ने मृतक के घर पहुंच सौंपा। एनएचएम के खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रेगर ने बताया कि मृतक कमलेश पिछले 18 वर्षो से कार्यरत थे, संविदा पर होने के कारण उनको किसी भी प्रकार का सरकारी परिलाभ नही मिल पाया। उनके पिछे एक वृद्ध पिता, छोटे बच्चे और पत्नी है। घर में एक मात्र कमाने वाले संविदा कार्मिक कमलेश स्वर्णकार की मृत्यु हो जाने से परिवार वालो को आर्थिक सम्बल प्रदान करने के उद्देश्य से विभागीय कार्मिको द्वारा छोटी - छोटी धनराशि एकत्र कर मृतक की पत्नी मधुबाला सोनी को सौंपी गई। बीसीएमओ डॉ राजेन्द्र चैधरी ने बताया कि कमलेश स्वर्णकार एनएचएम अन्तर्गत ब्लॉक डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे।

## अवैध खनन पर कार्रवाई :चार प्रकरण दर्ज, दो गिरफ्तार, 8.99 लाख की वसूली

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** अरावली क्षेत्र में अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई को लेकर राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में जिला कलेक्टर राजसमंद के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अवैध खनन एवं निर्गमन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चार प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान दो व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई तथा थाना अधिकारी चारभुजा द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ।एसएमई अनिल खमेसरा ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा मौके से चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। चेकिंग के दौरान 16 टन बजरी खनिज को भी जब्त किया गया। अवैध खनन कर्ताओं से नियमानुसार कुल 8.99 लाख रुपये की राशि वसूल की गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण के विरुद्ध यह अभियान आगे भी सख्ती के साथ निरंतर जारी रहेगा। वही अवैध खनन एवं बजरी परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत केलवा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर मय ट्रॉली जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। केलवा पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त व नाकाबंदी के दौरान गामती नदी क्षेत्र में अवैध खनन कर बजरी का परिवहन किए जाने की सूचना पर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया ।पुलिस ने इस मामले में भल्लालाल पिता नारायणलाल भील उम्र 36 वर्ष निवासी पछमता थाना रेलमगरा जिला राजसमंद एवं प्रकाश पिता पप्पूलाल गमेती उम्र 21 वर्ष निवासी सरथाणा नाकोली थाना कांकरोली जिला राजसमंद को गिरफ्तार कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया है।

# देवली जयपुर रोड घोटाला : 16 करोड़ की सड़क दो साल में हुई जर्जर, एसीबी जांच ठंडे बस्ते में

## घटिया सामग्री से बने रोड की एसीबी ने कटिंग कर लिए सैंपल, लेकिन दो वर्ष बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं, ठेकेदार को पूरा भुगतान, नगर पालिका पर सवाल

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां देवली शहर का जयपुर रोड करोड़ों की लागत से बना हुआ अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इसका मुख्य कारण है कि रोड निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था, जिसका खुलासा एंटी करप्शन ब्यूरो को करना था लेकिन आज तक उक्त भ्रष्टाचार का खुलासा नहीं हो पाया। इसलिए की उक्त दौरान भ्रष्टाचार ब्यूरो निरोधक के आला अधिकारी देवली नगर पालिका के उक्त रोड निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने मौके पर पहुंचे थे और इस दौरान एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने टोंक सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के सहयोग से रोड की कटिंग करवा कर जांच के लिए सैंपल भी एकत्रित किए थे।

लेकिन 2 साल पहले के इस मामले मे एसीबी अधिकारियों ने उक्त रोड निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का खुलासा आज तक नहीं किया है ।

इसी वजह को लेकर देवली शहर मे लोगों के बीच उक्त भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला आज भी चर्चाओं का विषय बना हुआ है ।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के टोंक जिले की देवली नगर पालिका के अधिकारी सुरेश कुमार मीणा और पालिका मंडल अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने शहर के जयपुर रोड और कोटा रोड पर टू लेन रोड का निर्माण करवाने की योजना बनाई थी इसी योजना के अंतर्गत



देवली नगर पालिका ने ढाई ढाई किलोमीटर के दो रोड का निर्माण कराया था इस दौरान 16 करोड़ का रुपए की लागत का उक्त रोड ठेकेदार और नगर पालिका के अधिकारियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया था, इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो को बखूबी प्राप्त हुई थी तो वही उस समय यहां देखने वाली बात तो यह रही की 16 करोड रुपए की लागत से बनाये जाने वाले ढाई–ढाई किलोमीटर के रोड निर्माण में भ्रष्टाचार तो जमकर हुआ था लेकिन ठेकेदार से इसकी वसूली शायद आज तक नहीं हुई ।

उक्त दौरान करोड़ों के रोड का लोकार्पण भी नहीं हुआ था कि वह तभी से टूटते–टूटते आज तक अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

रोड निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण उक्त दौरान लोकार्पण से पहले ही रोड से गिट्टीया उखाड़ना शुरू हो गई थी ऐसे में रोड निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत जैसे तैसे जयपुर एंटी करप्शन ब्यूरो तक पहुंची थी इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो के आला अधिकारी एवं टोंक एसीबी के एडिशनल एसपी राजेश आर्य और टोंक सार्वजनिक विभाग के अधिकारी रोड निर्माण में हुए भ्रष्टाचार जांच करने पहुंचे थे।

इस दौरान एसीबी के उक्त अधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी टोंक अधिकारियों के सहयोग से निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई सामग्री कि जांच भी कि एवं रोड कटिंग करके सैंपल लिए और वापस जयपुर लौट गए थे।

आज इस मामले मे 2 साल बीत जाने के बाद भी एसीबी अधिकारियों ने उक्त भ्रष्टाचार के मामले में क्या जांच की इसका खुलासा अब तक नहीं किया है। तो वही इस मामले में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दूसरी मजे वाली बात तो यह रही की देवली नगर पालिका ने अपने उक्त चहते ठेकेदार को भ्रष्टाचार में लिप्त उक्त रोड के निर्माण कार्य का लगभग पूरा भुगतान कर दिया गया है। तो वही इस मामले में यह भी जानकारी सामने आई है की उक्त रोड की निर्माण गारंटी अवधि 5 वर्ष की है। ऐसे में देखने वाली बात तो यह है कि देवली नगर पालिका द्वारा बनवाया गया उक्त रोड 2 साल पहले से ही लगातार टूटता चला आ रहा है जिस पर देवली नगर पालिका 2 साल से पैच वर्क करवा कर इति श्री करती चली आ रही है।

# जयपुर के खनन कारोबारी से गैंगस्टर ने मांगे 5 करोड़

## वॉट्सऐप कॉल कर धमकाया, बोला- पैसे नहीं दिए तो जान से हाथ धो बैठोगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के खनन कारोबारी से गैंगस्टर रोहित गोदारा की गैंग ने 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। वॉट्सऐप कॉल और वॉयस नोट भेजकर कारोबारी को धमकाया गया है। गैंग ने धमकी देते हुए कहा– अगर पैसे नहीं दिए तो जान से हाथ धो बैठोगे। बदमाशों ने परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी। खनन कारोबारी ने अशोक नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामले के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अशोक नगर थाने के स्ढ्ढ राजकुमार ने कहा– शिकायत मिलते ही स्नढ्ढक्र दर्ज कर ली है। वॉट्सऐप कॉल और वॉयस नोट के आधार पर आगे की जांच कर रहे हैं।

### वॉट्सऐप कॉल पर धमकाया

खनन कारोबारी ने शिकायत में बताया– मैं अशोक नगर के सी–स्कीम का रहने वाला हूं। 30 दिसंबर को मेरे वॉट्सऐप पर अनजान इंटरनेशनल मोबाइल नंबरों से कॉल आए। कॉल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर रोहित गोदारा और राहुल रिणाऊ गैंग का बदमाश बताया और 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी।

# उद्योग मंत्री बोले- फाइनेंशियली हिमाचल का गला घोंटने का प्रयास

## पीएम की घोषणा के बावजूद स्पेशल पैकेज नहीं मिला, हर हेड में बजट घटाया

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** हिमाचल के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शुक्रवार को शिमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा– पीएम नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को हिमाचल प्रदेश के दौरे पर आए। पीएम ने 1500 करोड़ रुपए का स्पेशल पैकेज हिमाचल को देने की घोषणा की। मगर अब तक एक रुपया भी हिमाचल प्रदेश को नहीं मिला। फाइनेंशिल हिमाचल का गला घोंटने का प्रयास हो रहा। चौहान ने कहा– हिमाचल की 75 लाख जनता आज भी पीएम मोदी के स्पेशल पैकेज का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा– 2023 में भी हिमाचल में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान आपदा से हुआ। केंद्रीय टीम ने भी 9 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान का आकलन किया और केंद्र ने 2006 करोड़ रुपए मंजूर किया। यह पैसा भी अब जाकर मिल रहा है। चौहान ने कहा– दिसंबर 2025 में भी 602 करोड़ रुपए 2023 की आपदा के लिए दिया गया है। उन्होंने कहा– केंद्र को जो भी सहायता देनी है, वह समय पर मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा– हिमाचल में बीजेपी नेता केंद्र से अलग अलग स्कीमों में मदद मिलने के झूठे दावे कर रहे हैं। उन्होंने बीजेपी नेताओं को झूठ नहीं बोलने की नसीहत दी है।

# उत्तराखंड में चमोली के आर्मी कैंप स्टोर में लगी आग : बाल्टी लेकर दौड़ते दिखे जवान, फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां पहुंचीं

बढ़ता राजस्थान

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली के जोशीमठ में औली रोड पर स्थित सेना के कैंप में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। घटनास्थल पर 100 से ज्यादा जवान मौजूद थे, जिनमें से कई स्टोर पूरी तरह जलकर राख हो गए। सेना के जवानों ने करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया। आग की तेज लपटों के कारण स्थिति काफी देर तक चिंताजनक बनी रही। आग दोपहर करीब 2 बजे कैंप के स्टोर क्षेत्र में शुरू हुई। शुरुआत में एक छोटे स्पार्क से लगी आग तेजी से फैल गई और स्टोरों में रखे सामान, उपकरण व अन्य सामग्री को भोजन बना लिया। सेना ने तत्काल स्थानीय दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन दुर्गम इलाके के कारण सहायता पहुंचने में थोड़ा विलंब हुआ। सेना के जवान स्वयं ही प्रारंभिक दमकल अभियान चलाया। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों से आग पर काबू पाने की कोशिश की, जिसमें पानी के टैंकर और मैनुअल उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है।

# जयपुर के रिहायशी इलाके में फिर घुसा लेपर्ड

## मकान की सीढ़ियों से होते हुए भीतर जाता दिखा; ढाई महीने में 11वीं बार मूवमेंट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में वाटिका इलाके के रिहायशी क्षेत्र में लेपर्ड नजर आया, जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल बन गया है। बीते ढाई महीनों में यह 11वीं बार है जब लेपर्ड ने जयपुर के आबादी वाले इलाके में एंट्री की है। दरअसल, जयपुर में वाटिका क्षेत्र के मोहन नगर में लेपर्ड का मूवमेंट सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। फुटेज में लेपर्ड एक मकान की सीढ़ियों से होते हुए भीतर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि यह सीसीटीवी फुटेज 2 दिन पुराना है, लेकिन इसके सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

# राजस्थान में कलेक्टर-एसपी के ट्रांसफर पर रोक

## राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किए आदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** आगामी निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य में तैनात फील्ड पोस्टिंग वाले अधिकारियों के ट्रांसफर–पोस्टिंग पर रोक लगा दी है। साथ ही जो अधिकारी अपने गृह क्षेत्र में पदस्थापित है, उनको 28 फरवरी तक पद से हटाने के निर्देश दिए हैं।

एक जगह 3 साल या उससे ज्यादा समय से पदस्थापित अधिकारियों का ट्रांसफर होगा। ये आदेश कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम समेत तमाम निकाय, थानाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों पर लागू होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग से जारी आदेशों के मुताबिक ये आदेश निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा से लागू होगा और चुनाव खत्म होने तक लागू रहेगा।

### 3 साल से ज्यादा समय से पोस्टेड अधिकारी भी हटेंगे

आदेश में आयोग ने उन अधिकारियों को भी पदों से हटाने यानी ट्रांसफर करने के निर्देश दिए है, जो किसी एक जगह 3 साल या उससे ज्यादा समय से पदस्थापित हैं। आयोग ने इसके लिए कट ऑफ डेट 30 अप्रैल निर्धारित की है। यानी 30 अप्रैल तक किसी अधिकारी का किसी एक जगह पोस्टिंग की समयावधि तीन साल से अधिक की हो रही है तो उसे उक्त जिला या नगर पालिका या पंचायत समिति क्षेत्र से हटाया जाएगा।




### 28 फरवरी तक ट्रांसफर-पोस्टिंग का समय दिया

राज्य निर्वाचन आयोग ने इन आदेशों के तहत किसी भी अधिकारी की ट्रांसफर–पोस्टिंग अगर करनी है तो उसके लिए सरकार और विभागों को 28 फरवरी तक का समय दिया है। 28 फरवरी तक इन नियमों के विपरीत यदि कोई अधिकारी पदस्थापित है, उसे वर्तमान पद से स्थानान्तरित करने की कार्रवाई की जा सकेगी।

### वोटर लिस्ट तैयार करने से जुड़े अधिकारियों के ट्रांसफर से पहले अनुमति

निर्वाचन आयोग ने इन आदेशों में वोटर लिस्ट तैयार करने के काम में लगे अधिकारियों (एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य) के ट्रांसफर पर सेंसर लगाया है। आयोग ने कहा– जब तक वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन नहीं हो जाता, ऐसे अधिकारी का ट्रांसफर आयोग की बिना अनुमति के नहीं किया जाएगा।

# बुलेट ट्रेन केवल आधुनिक तकनीक का उदाहरण नहीं, बल्कि मध्यम वर्ग के लिए भी उपयोगी होगी : अश्विनी वैष्णव

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली.** भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया और अहम अध्याय जुड़ने वाला है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश को 15 अगस्त 2027 तक पहली बुलेट ट्रेन मिलने जा रही है। मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस प्रोजेक्ट ने अब एक बड़ा मील का पत्थर भी हासिल कर लिया है। रेल मंत्री ने बताया कि यह बुलेट ट्रेन न सिर्फ आधुनिक तकनीक का उदाहरण होगी, बल्कि आम मध्यम वर्ग के लिए भी उपयोगी और व्यावहारिक साधन बनेगी।

नई दिल्ली के रेल भवन में रेल मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में कुल 12 स्टेशन होंगे, जिसमें महाराष्ट्र में मुंबई (बीकेसी), ठाणे, विरार और बोईसर स्टेशन बनाए जाएंगे, जबकि गुजरात में वापी, बिलीमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती स्टेशन शामिल हैं। साबरमती और मुंबई के बीकेसी को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। पूरे 508 किलोमीटर लंबे रूट पर 3 डिपो बनाए जा रहे हैं, जबकि आमतौर पर इतनी दूरी के लिए दो डिपो ही पर्याप्त होते हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि महाराष्ट्र में पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे सरकार के कार्यकाल के दौरान लंबे समय तक जरूरी अनुमतियां और स्वीकृतियां अटकी रहीं। इसी वजह से परियोजना में देरी हुई और अतिरिक्त व्यवस्थाओं के तहत तीसरे



डिपो की योजना बनानी पड़ी। इस देरी के बावजूद अब प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहा है।

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में हाल ही में एक अहम तकनीकी उपलब्धि हासिल की गई है। परियोजना के तहत बनने वाली सात पहाड़ी सुरंगों में से माउंटेन टनल–5 का सफल ब्रेकथ्रू पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा एक अंडर–सी टनल भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित 1.5 किलोमीटर लंबी यह सुरंग इलाके की सबसे लंबी सुरंगों में से एक है और विरार व बोईसर स्टेशनों के बीच बनाई गई है। इससे पहले ठाणे और बीकेसी के बीच 5 किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग सितंबर 2025 में पूरी हो चुकी है।

# कुत्ते गिनने के आदेश पर झूठी जानकारी फैलाई, एफआईआर दर्ज

## दिल्ली सरकार ने आप पर आरोप लगाया, कहा- इनका इरादा शिक्षकों में घबराहट फैलाने का था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कुत्ते गिनने के आदेश को लेकर गलत जानकारी फैलाने को लेकर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज की। यह कार्रवाई शिक्षा निदेशालय (डायरेक्टोरेट ऑफ एजुकेशन) की शिकायत पर की गई । शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट किया कि उसके सर्कुलर में कहीं भी आवारा कुत्तों की गिनती का उल्लेख नहीं है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर झूठ फैलाया। सरकार ने झूठे प्रचार के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# पीएम मोदी के वैश्विक कूटनीति मिशन, 20 देशों के दौरों में मजबूत हुई भारत की भूमिका

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** साल 2025 का समापन और 2026 की नई शुरुआत होने जा रही है। वैश्विक राजनीति के लिहाज से वर्ष 2025 भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण और सफल रहा। इस दौरान भारत ने कई उपलब्धियां हासिल कीं, जिसका श्रेय देश के कुशल नेतृत्व को जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान और आयाम दिया है।

### सहयोग और साझेदारी को मजबूत करना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रमुख विशेषता

दुनिया के विभिन्न देशों का दौरा कर भारत की क्षमताओं और प्राथमिकताओं को सामने रखना तथा सहयोग और साझेदारी को मजबूत करना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की एक प्रमुख विशेषता रही है। आइए जानते हैं कि वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किन–किन देशों का और कब–कब दौरा किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2025 में कुल 20 देशों की यात्रा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 में कुल 20 देशों की यात्रा की। अपने विदेश दौरों की शुरुआत उन्होंने फ्रांस और अमेरिका से की। इस दौरान वे लगभग 38 दिनों तक विदेश यात्राओं पर रहे।

### मोदी ने 10 से 14 फरवरी 2025 के बीच फ्रांस और अमेरिका का किया दौरा

लगातार तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने 10 से 14 फरवरी 2025 के बीच फ्रांस और अमेरिका का दौरा किया। इसके बाद वे 11 और 12 मार्च 2025 को मॉरीशस के दौरे पर रहे। तीन से छह अप्रैल 2025 तक प्रधानमंत्री ने थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा की। 22 अप्रैल 2025 को उन्होंने सऊदी अरब का दौरा किया। 23 से 26 जुलाई 2025 के बीच प्रधानमंत्री मोदी ब्रिटेन और मालदीव के दौरे पर रहे



प्रधानमंत्री मोदी 15 से 19 जून 2025 तक साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा पर रहे। इसके बाद 2 से 9 जुलाई 2025 के बीच उन्होंने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा किया। 23 से 26 जुलाई 2025 के बीच प्रधानमंत्री मोदी ब्रिटेन और मालदीव के दौरे पर रहे। इसके बाद 28 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक उन्होंने जापान और चीन की यात्रा की।

वर्ष 2025 के अंतिम विदेश दौरे में प्रधानमंत्री मोदी 15 से 18 दिसंबर के बीच जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान यात्रा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 और 12 नवंबर 2025 को भूटान में रहे, जबकि 21 से 23 नवंबर 2025 के बीच उन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया। वर्ष 2025 के अंतिम विदेश दौरे में प्रधानमंत्री मोदी 15 से 18 दिसंबर के बीच जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान पहुंचे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।